



# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर- हिंदी दैनिक समाचार पत्र



रोहित शर्मा क्रिकेट के मैदान पर वापसी को बेकरार, इस टीम के खिलाफ जलवा ....... -पेजः 7

नोरा फतेही का 'डांस विद नोरा अकादमी खोलने का सपना हुआ साझा -पेजः 8

वर्षः 01 | अंकः 133 | शुक्रवार 22 अगस्त 2025 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2 रुपए


## लोकसभा में अमित शाह के सामने बिल फाड़कर उछालने पर भड़के भाजपा सांसद , बोले- विपक्ष का यह कृत्य निंदनीय

**नई दिल्ली (एजेंसी):** लोकसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से बिल की कॉपियां फाड़कर फेंकने के मामले पर भाजपा हमलावर है। विपक्ष को निशाने पर लेते हुए भाजपा सांसदों ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने वहां जिस तरह का कृत्य किया, वह निंदनीय है। संविधान संशोधन बिल पर विपक्ष के हंगामे को लेकर केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि कांग्रेस को क्यों इतनी परेशानी है? उनके सिर्फ तीन राज्यों में मुख्यमंत्री हैं। इस बिल के कारण हमारी पार्टी को ही टेंशन ज्यादा होनी चाहिए, क्योंकि प्रधानमंत्री से लेकर कई राज्यों में मुख्यमंत्री भाजपा और एनडीए के हैं। उन्होंने कहा कि देश में ठीक तरीके से व्यवहार होना चाहिए, इसलिए सरकार बिल लाई है और हम इस बिल को पास कराकर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार नैतिकता की दृष्टि से बिल लेकर आई है। जी किशन रेड्डी ने कांग्रेस को याद दिलाया कि लालू प्रसाद यादव को जेल



**विपक्षी सांसदों की तरफ से बिल की कॉपी फाड़ने पर केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान ने निंदा की। उन्होंने कहा, इसकी जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। लोकतंत्र में विपक्ष की अपनी एक भूमिका होती है, और यह सकारात्मक होनी चाहिए।**

जाने से बचाने के लिए उनकी सरकार अध्यादेश लाई थी। उसी अध्यादेश को राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में फाड़कर फेंका था। विपक्षी सांसदों की तरफ से बिल की कॉपी फाड़ने पर केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान ने निंदा की। उन्होंने कहा, इसकी जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। लोकतंत्र में विपक्ष की अपनी एक भूमिका होती है, और यह सकारात्मक होनी चाहिए। अगर मतभेद है तो सदन का पटल का इस्तेमाल किया जाना चाहिए, लेकिन जिस तरह का व्यवहार विपक्ष के सदस्यों ने दिखाया है, वह स्वीकार नहीं किया जा सकता है। संविधान संशोधन बिल पर भाजपा सांसद दामोदर अग्रवाल ने कहा, यह कानून के शासन को बनाए रखने का एक ईमानदार प्रयास है और लोगों की भावनाओं के अनुरूप है। हालांकि, इंडी गठबंधन उन लोगों के साथ सरकार चलाना चाहता है जो जेल में हैं, यही वजह है कि वे परेशान हैं। सदन में विपक्ष के व्यवहार पर भाजपा सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ने जिस तरह से लोकतंत्र का मजाक उड़ाया है, वह उनके परिवार की पिछली आदतों के अनुरूप है। कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने वहां जिस तरह का कृत्य किया, वह निंदनीय है। भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि सभी दल अपनी सीटों से विरोध कर रहे थे, जो गलत नहीं है, लेकिन कुछ सांसद जानबूझकर वेल में आ गए और जानबूझकर कागज फाड़ने लगे। संविधान संशोधन बिल पर भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि यह विधेयक दलों के खिलाफ नहीं, सरकारों के खिलाफ है। चाहे वह केंद्र की सरकार हो या राज्यों में भाजपा और गैर-भाजपा सरकारें हों, वहां उच्च पदों पर रहने वाले प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को बेल नहीं मिलने पर इस्तीफा देना चाहिए, लेकिन देखा गया है कि दिल्ली में ऐसा नहीं हुआ। इस कारण सरकार यह बिल लाई है।

### अहमदाबाद स्कूल में छात्र की हत्या के बाद बवाल; प्रदर्शन कर रहे 500 लोगों के खिलाफ दंगा और मारपीट का मामला दर्ज




**नई दिल्ली।** अहमदाबाद के सेवेंथ डे स्कूल में एक छात्र की चाकू मारकर हत्या कर दी गई, जिसके बाद शहर में बवाल मच गया। कई लोगों ने स्कूल के बाहर प्रदर्शन किया तो पुलिस ने 500 से ज्यादा लोगों के खिलाफ दंगा और मारपीट का मामला दर्ज किया है। स्कूल के ओर से दर्ज कराई गई शिकायत के मुताबिक, भीड़ ने स्कूल के दफ्तर, क्लासरूम और बस पर हमला किया, जिसमें भारी नुकसान हुआ। साथ स्कूल स्टाफ के साथ मारपीट भी की गई। शिकायत में तो यह भी कहा गया कि यह तोड़फोड़ पुलिस की मौजूदगी में होती रही। क्या है मामला? 20 अगस्त को अहमदाबाद के खोखरा स्थिति सेवेंथ डे स्कूल में एक छात्र की हत्या कर दी गई। इसके विरोध में गुस्साए लोगों ने जमकर प्रदर्शन हुआ और स्कूल परिसर में तोड़फोड़ की गई। युवा कांग्रेस और एनएसयूआई ने 21 अगस्त को स्कूल बंद का एलान किया। इसके अलावा, विश्व हिंदू परिषद ने भी मणिनगर और इसके आसपास के इलाकों में स्कूल बंद और इलाका बंद का एलान किया। बढ़ाई की पुलिस सुरक्षा इसके मद्देनजर पूरे इलाके में पुलिस सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई। सेवेंथ डे स्कूल के आसपास और 500 मीटर की दूरी तक पुलिस तैनात है।

## महाराष्ट्र में फिर होगा खेला ! राज ठाकरे-फडणवीस की मुलाकात पर क्या बोले अजित पवार?

**मुंबई (एजेंसी):** महाराष्ट्र की सियासत में एक बार फिर हलचल तेज है। हाल ही में राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे ने सुलह करते हुए मंच साझा किया था, जिसके बाद संभावना जताई जा रही थी कि दोनों एक साथ निगम चुनाव लड़ सकते हैं। हालांकि, अब इस सियासत में एक बार फिर मोड़ आते दिख रहा है। फडणवीस और राज ठाकरे की मुलाकात पर उठे सवाल दरअसल, बुधवार को शहर के परिवहन और बिजली आपूर्ति निकाय के कर्मचारी संघ के चुनाव में ठाकरे परिवार समर्थित उम्मीदवारों की हार के बाद से दोनों भाई के साथ आने पर फिर सवाल उठने लगे थे। इसी बीच गुरुवार को राज ठाकरे और मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुलाकात की, जिसके बाद से



अफवाहों का बाजार गर्म हो गया कि क्या एक बार फिर महाराष्ट्र की राजनीति में खेला होने वाला है। उधर, फडणवीस ने कहा कि उद्धव ठाकरे की शिवसेना यूबीटी से जुड़े एक स्थानीय राजनेता पर लगे नोट के बदले वोट के आरोपों के बीच जनता ने 'ठाकरे ब्रांड' को नकार दिया है। बैठक पर क्या बोले अजित पवार? उधर, उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने दोनों की मुलाकात को केवल एक शिष्टाचार भेंट बताया। उन्होंने कहा कि यह महाराष्ट्र की परंपरा और संस्कृति का हिस्सा है, जिसमें लोग प्रमुख नेताओं से मिलते हैं। इसका कोई और मतलब निकालने की जरूरत नहीं है। अजित पवार ने आगे कहा, राज ठाकरे ने क्या कहा? राज ठाकरे ने मुख्यमंत्री के साथ बैठक का कारण नगर नियोजन के मुद्दों से संबंधित चर्चा पर आधारित बताई। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र भर के शहरों में पुनर्विकास हो रहा है। जनसंख्या बढ़ रही है और यातायात बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मुंबई में यातायात एक बड़ी समस्या है। लोगों को यातायात शिष्टाचार नहीं पता और वो कहीं भी वाहन पार्क कर देते हैं और चले जाते हैं। राज ठाकरे ने कहा कि आज मैंने मुख्यमंत्री और मुंबई पुलिस के साथ इस मुद्दे पर चर्चा की। मैंने एक प्रेजेंटेशन तैयार किया है और उम्मीद है कि राज्य इस मुद्दे को गंभीरता से लेगा और इस पर काम करेगा।

## 'हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन', नितिन गडकरी बोले- सौर ऊर्जा हमारे ग्रह के लिए संजीवनी बूटी

**नई दिल्ली (एजेंसी):** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने देश के ऊर्जा भविष्य में ग्रामीण सशक्तिकरण और सतत मॉडलों की केंद्रीयता पर बल दिया है। उनका कहना है कि सच्ची प्रगति हमारे गांवों को शहरों से ज्यादा मजबूत बनाने में निहित है। चूंकि 80 प्रतिशत लोग अभी भी कृषि से जुड़े हैं, इसलिए हमें खेती को ऊर्जा और बिजली की ओर विविधतापूर्ण बनाना होगा, जल संरक्षण में निवेश करना होगा और ग्रामीण समृद्धि के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसी तकनीकों का उपयोग करना होगा। नितिन गडकरी बुधवार को इंडिया हैबीटेट सेंटर में द एनर्जी एंड रिसोर्स इंस्टीटयूट (टेरी) द्वारा आयोजित एक




व्याख्यान में अपना वक्तव्य रख रहे थे। व्याख्यान का विषय था- ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चरः भारत के लिए सतत परिवहन भविष्य का निर्माण" था। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि जल, जमीन और जंगल हमारे विकास मॉडल के आधार स्तंभ बने रहने चाहिए। नैतिकता, अर्थव्यवस्था, पारिस्थितिकी और पर्यावरण को एक साथ चलना होगा, तभी विकास रोजगार पैदा कर सकता है, गरीबी कम कर सकता है। साथ ही गर्व और आत्मनिर्भरता की प्रेरणा दे सकता है। नवीकरणीय ऊर्जा में भारत के नेतृत्व पर प्रकाश डालते हुए, गडकरी ने कहा, सौर ऊर्जा हमारे ग्रह के लिए संजीवनी बूटी है और हाइड्रोजन भविष्य का ईंधन है। मैं टोयोटा मिराई चलाता हूं, जिसका जापानी में अर्थ ही "भविष्य" होता है, क्योंकि मेरा मानना है कि हाइड्रोजन गतिशीलता और ऊर्जा में बदलाव लाएगा। उन्होंने कहा कि आज, हाइड्रोजन की कीमत लगभग पांच डालर प्रति किलोग्राम है। अगर भारत इसे घटाकर एक डालर प्रति किग्रा कर दे, तो हम न केवल ऊर्जा स्वतंत्रता प्राप्त करेंगे, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के वैश्विक निर्यातक भी बन सकते हैं।

## 'मेरा ही नहीं यह पूरे देश का मिशन था, आईएसएस से लौटने के बाद पहली बार शुभांशु शुक्ला ने शेयर किया अनुभव

**नई दिल्ली (एजेंसी):** अंतरिक्ष यात्री और ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर सफल मिशन के बाद गुरुवार को दिल्ली में अपने अनुभव को साझा किया। इसरो अध्यक्ष वी. नारायणन के साथ एक संयुक्त पीसी में अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने अपने अंतरिक्ष मिशन के अनुभवों के बारे में जानकारी दी। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान शुभांशु शुक्ला ने कहा कि यह पूरे देश का मिशन था। यह अनुभव जमीनी स्तर पर मिलने वाले अनुभवों से बहुत अलग है। उन्होंने आगे कहा कि मैं भारत सरकार, इसरो और शोधकताओं का धन्यवाद करना चाहता हूं। इसरो चीफ ने कही ये बात दिल्ली में आयोजित इस पीसी को संबोधित करते हुए इसरो के अध्यक्ष डॉ. नारायणन ने कहा कि 2015 से 2025 तक इसरो के मिशन 2005 और 2015 के बीच पूरे किए गए मिशनों से लगभग दोगुने हैं। इसके साथ ही डॉ. नारायणन ने हाल के




भारत के स्पेस क्षेत्र की उपलब्धियों के पर जोर दिया। इसमें पिछले छह महीनों में तीन प्रमुख मिशनों का सफलतापूर्वक पूरा होना भी शामिल है। इस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए इसरो अध्यक्ष ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रगति अभूतपूर्व और तीव्र रही है। 2015 से 2025 तक पूरे किए गए मिशन 2005 से 2015 तक पूरे किए गए मिशनों की संख्या से लगभग दोगुने हैं। पिछले 6 महीनों के दौरान, तीन महत्वपूर्ण मिशन पूरे किए गए हैं। एक्सिओम-4 मिशन एक प्रतिष्ठित मिशन है। गगनयात्री प्रशांत नायर ने शुभांशु को बताया राम इस पीसी के दौरान एक दिलचस्प नजारा देखने को मिला। इस ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए गगनयात्री प्रशांत नायर ने शुभांशु शुक्ला को अपना भाई बताया। इसके साथ ही कहा कि वह राम के लक्ष्मण हैं।

## एनडीए में फूट डालने की कोशिश ! तेजस्वी का दावा, नीतीश-नायडू के लिए आ रहा पीएम-सीएम को हटाने वाला बिल

**बिहार (एजेंसी):** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने गुरुवार को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को गंभीर आपराधिक आरोपों में पद से हटाने के प्रस्तावित विधेयक को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार की आलोचना की और इसे यातना की रणनीति करार दिया। भाजपा की सहयोगी टीडीपी और जेडीयू पर निशाना साधते हुए यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू के लिए यह विधेयक ला रही है। पत्रकारों से बात करते हुए, राजद नेता ने कहा, वे इसे नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू के लिए ला रहे हैं। उनका एक ही काम है - ब्लैकमेल करना। अगर ईडी के मामलों में पीएमएलए लगाया जाता है, तो जल्दी जमानत नहीं मिल सकती। ये यातना की रणनीति है। देश बनाने के बजाय, वे इसे बर्बाद कर रहे हैं। इससे पहले बुधवार को, तेजस्वी यादव ने गंभीर आपराधिक आरोपों में फंसे प्रधानमंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने के




लिए विधेयक पेश करने के सरकार के कदम की आलोचना की थी। यादव ने दावा किया कि यह विधेयक कुछ नेताओं को ब्लैकमेल करने और धमकाने की एक चाल है, उन्होंने विशेष रूप से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू का नाम लिया। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का उदाहरण दिया, जिन्हें जेल हुई थी, लेकिन बाद में बरी कर दिया गया। उन्होंने इस कानून के तहत निशाना बनाए गए अन्य लोगों के लिए भी ऐसा ही हश्र होने का संकेत दिया। एएनआई से बात करते हुए, राजद नेता ने कहा कि यह लोगों को ब्लैकमेल करने का एक नया तरीका है। यह कानून केवल नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को ब्लैकमेल करने और डराने के लिए लाया जा रहा है... ये लोग यही करते हैं... पहले भी कई मुख्यमंत्रियों को जेल में रखा गया था, लेकिन सभी बरी हो गए, जैसे हेमंत सोरेन और अरविंद केजरीवाल। उन्होंने आरोप लगाया कि यह विधेयक लोकतंत्र को कमजोर करने और विशिष्ट नेताओं को निशाना बनाने के लिए लाया जा रहा है। आरजेडी नेता ने कहा कि यह विधेयक इसलिए लाया गया है क्योंकि यह बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर दबाव बनाने और उन्हें अपनी सीमाओं में रहने और जेडीयू नेताओं को दिए जाने वाले टिकटों में भाजपा नेताओं को शामिल करने की एक बड़ी साज़िश का हिस्सा है... यह विधेयक मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू को नियंत्रण में रखने के लिए लाया गया है... वे (बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर) एक नया मामला भी दर्ज कर सकते हैं... यह कानून लोकतंत्र को कमजोर करने के लिए लाया जा रहा है।

## पीएम मोदी का कांग्रेस पर बड़ा हमला: 'राहुल गांधी से बेहतर हैं विपक्ष के कई नेता, पर नहीं मिलती बोलने की आजादी'

**नई दिल्ली (एजेंसी):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष में कई नेता प्रतिभाशाली और अच्छे वक्ता हैं, लेकिन राहुल गांधी के कारण उन्हें बोलने का अवसर नहीं मिल पाता। पीएम मोदी ने यह भी आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी सदन में व्यवधान इसलिए पैदा करती है क्योंकि विपक्ष के भीतर भी कुछ ऐसे नेता हैं जो राहुल गांधी से बेहतर वक्ता हैं और कांग्रेस नेतृत्व उन्हें उभरने नहीं देना चाहता। विपक्ष में राहुल गांधी से बेहतर वक्ताः पीएम मोदी प्रधानमंत्री मोदी ने यह टिप्पणी एक अनौपचारिक चाय पार्टी के दौरान की, जिसमें कोई भी विपक्षी सांसद शामिल नहीं हुआ। यह बैठक केवल एनडीए के सांसदों और नेताओं तक सीमित रही। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि विपक्षी सांसदों को संसद की कार्यवाही बाधित करने के लिए बाध्य होना पड़ता है, क्योंकि वे राहुल गांधी से बेहतर वक्ता हैं लेकिन उन्हें मंच नहीं मिलता। प्रधानमंत्री के अनुसार, यह रवैया लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए हानिकारक है। स्पीकर की टी पार्टी में नहीं पहुंचे राहुल गांधी लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किए जाने के बाद स्पीकर ओम बिरला की ओर से टी पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम



में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री और एनडीए के नेता शामिल हुए, लेकिन विपक्ष की ओर से कोई भी सांसद मौजूद नहीं रहा। यहां तक कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस आयोजन में हिस्सा नहीं लिया।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष में कई नेता प्रतिभाशाली और अच्छे वक्ता हैं, लेकिन राहुल गांधी के कारण उन्हें बोलने का...**

लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित गुरुवार को मानसून सत्र की समाप्ति के साथ ही लोकसभा और राज्यसभा दोनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्षी दलों के व्यवहार पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि सदन में नियोजित ढंग से व्यवधान डाला गया, जो न केवल लोकतंत्र बल्कि सदन की गरिमा के भी खिलाफ है। मानसून सत्र में 14 विधेयक पेश, 12 पारित 18वीं लोकसभा के पांचवें सत्र की शुरूआत 21 जुलाई 2025 को हुई थी। इस दौरान संसद में 14 सरकारी विधेयक पेश किए गए, जिनमें से 12 विधेयक पारित किए गए। इन विधेयकों में प्रमुख रूप से शामिल हैंः अनुसूचित जनजातियों के विधानसभा क्षेत्रों के पुनर्समायोजन से संबंधित गोवा विधेयक, 2025 मर्चेंट शिपिंग विधेयक, 2025 मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2025 मणिपुर विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2025 राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, 2025 राष्ट्रीय एंटी-डोपिंग (संशोधन) विधेयक, 2025 आयकर विधेयक, 2025 कराधान कानून (संशोधन) विधेयक, 2025 भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2025 खनिज और खनिज विकास (विनियमन और संशोधन) विधेयक, 2025 भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक, 2025 ऑनलाइन खेल संवर्धन और विनियमन विधेयक, 2025

## संपादकीय

# संबंधों में सुधार के संकेत

भारत और चीन के आपसी रिश्तों की उलझी गांठें ढीली पड़ने लगी हैं। विदेश मंत्रियों की एक दूसरे के देश में हो रही यात्राओं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चीन में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में शामिल होने पर सहमति ने पूरा परिदृश्य ही बदलने के संकेत दे दिए हैं। चीन ने भी भारत को उर्वरकों और दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति से जुड़े.प्रतिबंधों में ढखील देने पर सहमति जता दी है। भारत की दो दिवसीय यात्रा पर आए चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ वार्ता के दौरान यह आश्वासन दिया। जयशंकर पिछले महीने जब बीजिंग गए थे तब उन्होंने भारत की विशेष चिंताओं का उल्लेख किया था। भारत की उर्वरकों, दुर्लभ मृदा खनिजों और सुरंग खोदने वाली मशीनों की जरूरतों को चीन पूरा करेगा।



दुर्लभ मृदा खनिज जैसे लीथियम आयनङ्क कोबाल्ट और निकल उच्च-स्तरीय तकनीकी उत्पादों जैसे इलेंट्रिक वाहन (ईवी) और ड्रोन के लिए बैटरी बनाने के लिए जरूरी होते हैं। हालांकि भारत के जम्मू कश्मीर और कुछ अन्य राज्यों में लीथियम आयन के भंड़ार मिल चुके हैं लेकिन इनके खनन और प्रसंस्करण का काम अभी शुरू नहीं हुआ है। भारत अपनी आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए दुर्लभ मृदा खनिजों की निरंतर आपूर्ति की उम्मीद कर रहा है। दुर्लभ मृदा खनिजों की आपूर्ति में चीन का 70 प्रतिशत योगदान है। चीन 2023 तक भारत को भारी मात्रा में उर्वरक निर्यात करता था जो पिछले साल से बाधित है। भारत को सुरंग खोदने वाली मशीनों का निर्यात भी रोका पड़ा है। पूर्वी लद्दाख सीमा पर विवाद के बाद भारत-चीन के बीच तनाव बढ़ गया था। 2020 में गलवान घाटी में झड़प़ के बाद भारत-चीन संबंधों में तनाव आ गया था। तभी से दोनों देश तनाव कम करने के प्रयास में जुटे हैं। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की यात्राओं को संबंधों को सामान्य बनाने के प्रयासों के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। चीनी विदेश मंत्री मुख्य रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत ड़ोभाल के साथ सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) स्तर की वार्ता के एक नये दौर की बैठक के लिए भारत आए हैं। इस समय पूरी दुनिया जिस तरह के हालात से गुजर रही है, उसमें भारत-चीन संबंधों में सुधार पूरे विश्व की भलाई में सहायक हो सकता है। चीन और भारत दुनिया की प्रमुख और बड़ी अर्थव्यवस्थाएं हैं। दोनों देशों की बड़ी आबादी की जरूरतों के लिए सहयोग जरूरी है। दोनों देश सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

## चिंतन-मनन

# चैन से सोना है तो सोने को कहें ना

सोने की चमक सभी को आकर्षित करती है। इसी आकर्षण के कारण लोग अधिक से अधिक सोना खरीदने चाहते हैं। यह चाहत तब और भी बढ़ जाती है जब सोने की कीमत में अचानक थोड़ी गिरावट आती है। लोग इस मौका का लाभ उठाना चाहते हैं। आज कल बाजार में यही स्थिति है क्योंकि सोने की कीमत कमी आयी है। आइए जानें सोने के बारे में हमारे शास्त्रों क्या कहा गया है। ज्यादातर पौराणिक ग्रंथों में इस बात को कई तरह से कहा गया है कि सोने की खरीदारी से जितनी खुशी नहीं होती है उससे अधिक चिंता बढ़ जाती है। हमेशा यह चिंता सताती है कि सोना चोरी न हो जाए। इसे कैसा संभालकर रखें। पड़ोसी की नजर सोने के गहनों पर नहीं जाए, क्योंकि नजर लग जाएगी।यह भी कहा जाता है कि किसी अवसर पर सोने के गहने पहन लें तो हमेशा इसी पर ध्यान रहता है कि कहीं गिर न जाए, कोई खींच न ले। इस चिंता के कारण उत्सव का पूरा आनंद भी नहीं उठा पाते हैं।

सोना सिर्फ आपको चिंतित ही नहीं करता है बल्कि आपकी सोच और व्यवहार को भी प्रभावित करता है। इससे अभिमान भी जन्म लेता है। यही कारण है कि रहीम ने लिखा है कनक कनक ते सौगुनी, मादकता अधिकाय। वा खाये बौराय नर, वा पाये बौराय।। इस दोहे में रहीम ने दो बार कनक शब्द का प्रयोग किया है। एक कनक धतूरे के लिए और दूसरा सोना के लिए। रहीम ने कहा है कि सोने का नशा धतूरे भी ज्यादा होता है। धतूरा खाने के बाद आदमी बौरा जाता है लेकिन सोने का नशा इतना तेज होता है कि इसे प्राप्त कर लेने मात्र से इंसान बौरा जाता है। पुराणों में कथा है कि कलियुग का प्रवेश भी सोने के माध्यम से हुआ था। कलियुग सोने में निवास करता है इसलिए सोने के कारण विवाद और रिश्तों में दूरियां तक आ जाती है। साधु पुरूष कहते हैं कि सोना चिंता का बड़ा कारण है। जब आप इसे पाने की सोचने लगते हैं तभी से चिंता आपके ऊपर हावी होने लगती है।

**आवश्यकता है**

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# वोट चोरी : तू इधर उधर की बात न कर



निर्मल रानी



भारत में इन दिनों वोट चोरी का मुद्दा आम लोगों में चर्चा का विषय बना हुआ है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में होने वाले चुनावों की हालाँकि पूरे विश्व में सराहना की जाती है परन्तु यह भी सही है कि इन चुनावों की पारदर्शिता को लेकर भी दशकों से सवाल उठते रहे हैं। आज यदि ई वी एम से होने वाली कथित धांधली पर सवाल उठाया जाता है तो बैलेट पेपर और मत पेटी के दौर में बूथ कैप्चरिंग व वोट गिनती में धांधली के आरोप भी लगते रहे हैं। परन्तु पिछले दिनों इस सम्बन्ध में उठा विवाद कुछ ज्यादा ही तूल पकड़ गया है। इस विवाद में एक तरफ भारतीय जनता पार्टी व चुनाव आयोग है तो दूसरी तरफ कांग्रेस के नेतृत्व में इण्डिया गठबंधन के सभी दल। यह विवाद दरअसल 2024 के लोकसभा चुनाव व कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों के बाद उस समय शुरू हुआ, जब कांग्रेस और इंडिया गठबंधन ने चुनाव आयोग पर मतदाता सूची में गड़बड़ियों और वोटर फ्रॉड के गंभीर आरोप लगाए। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित अनेक विपक्षी नेताओं ने दावा किया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी कर चुनावों में बेईमानी की गयी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्नाटक, महाराष्ट्र, हरियाणा और बिहार जैसे राज्यों में बड़ी संख्या में फर्जी मतदाताओं के नाम जोड़े गए हैं और डुप्लिकेट वोटर की प्रविष्टियां बनाई गईं हैं। कि कई जगह तो मतदाताओं के नाम सूची से भी हटा दिए गए हैं । इस संबंध में राहुल गाँधी ने चुनाव आयोग द्वारा ही उपलब्ध कराये गये वोटर लिस्ट के विशाल भंडार के शोध के आधार पर ही विशेष रूप से कर्नाटक के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र का उदाहरण दिया। उन्होंने अपनी पड़ताल में पाया कि अकेले महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में ही डुप्लिकेट प्रविष्टियों और फर्जी पतों के द्वारा 1,00,250 वोट चुराए गए। विपक्ष के मुताबिक इस तरह की गड़बड़ियों के कारण ही कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों को 2024 के चुनाव में पराजय हुई। विशेष रूप से उन सीटों पर जहां हार का अंतर 50,000 वोटों से कम था। राहुल गांधी ने तो यहाँ तक दावा किया कि इसी वोटर फ्रॉड की वजह से ही कांग्रेस को लगभग 70 लोकसभा सीटों का नुकसान हुआ। इसी बीच बिहार में निकट भविष्य में होने वाले विधानसभा चुनावों से पूर्व चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण (Special Intensive Revision - SIR) का काम शुरू कर दिया। इस प्रक्रिया में बिहार की मतदाता सूची से लगभग 65 लाख मतदाताओं के नाम हटाए गए, जिसे विपक्ष ने वोट चोरी का हिस्सा बताया। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए चुनाव आयोग को इन हटाए गए नामों का विवरण और कारण सार्वजनिक करने का निर्देश दिया। उसके बाद ही चुनाव आयोग ने इन्हें सार्वजनिक किया। एक तरफ तो विपक्ष अर्थात इण्डिया गठबंधन, इस पूरे प्रकरण को लेकर चुनाव आयोग की बीजेपी के साथ मिलीभगत का आरोप लगा रहा है जबकि बीजेपी व चुनाव आयोग इसे विपक्ष की बौखलाहट और अनर्गल आरोप करार दे रहे हैं। पहले भी चुनाव आयोग विपक्ष के इस तरह के आरोपों को बार-बार खारिज करता रहा है। परन्तु कांग्रेस और इंडिया ब्लॉक ने इस मुद्दे को जनता तक ले जाने के लिए वोट चोरी से आजादी अभियान शुरू किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गत 17 अगस्त, 2025 को चुनावी राज्य बिहार के सासाराम से अपनी 16 दिवसीय मतदाता अधिकार यात्रा शुरू की। 1,300 किलोमीटर की यह यात्रा 1 सितंबर को पटना में एक विशाल रैली के साथ समाप्त होगी, जिसमें विभिन्न भारतीय राजनैतिक दलों के नेता शामिल होंगे। दूसरी तरफ ठीक उसी दिन व उसी समय यानी 17 अगस्त 2025 को ही चुनाव आयोग ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कहा कि मतदाता सूची की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 के तहत है। आयोग ने यह भी कहा कि राजनीतिक दलों को मतदाता सूची की जांच के लिए समय दिया जाता है, लेकिन विपक्ष ने समय पर आपत्तियां दर्ज नहीं कीं।आयोग ने राहुल गांधी से उनके आरोपों के समर्थन में शपथ पत्र मांगते हुए कहा कि यदि उन्होंने एक सप्ताह में अपनी आपत्तियों से सम्बंधित हलफनामा नहीं दिया तो उन्हें देश से मुआफी मांगनी पड़ेगी। अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में सी सी टी वी फुटेज को लेकर भी चुनाव आयोग ने कई ऐसी बातें कीं जिसे पक्षपातपूर्ण व अतार्किक माना जा रहा है। बहरहाल, विपक्ष व चुनाव आयोग के बीच भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में पहली बार इस कद्र तल्खी पैदा हुई है। चुनाव आयोग की मनमानी को बेनकाब करने के लिये कांग्रेस ने http://votechori.in के नाम से एक वेब पोर्टल लॉन्च किया है, जहां लोग वोट चोरी के विरुद्ध अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं और डिजिटल मतदाता सूची की मांग का समर्थन कर सकते हैं। साथ ही कांग्रेस ने टोल फ्री नंबर 9650003420 भी मिस्ड कॉल के लिये जारी किया है। इसपर जनता उन्हें अपना समर्थन व वोट सम्बन्धी अपनी शिकायत दे सकती है। विपक्ष ने इस मुहिम को वोट चोरी से आजादी अभियान का नाम दिया है। इसमें कोई शक नहीं कि अब वोट चोरी के मुद्दे ने देश की राजनीति में उबाल पैदा कर दिया है। पूरा देश इसे एक गंभीर और संवेदनशील मुद्दे के रूप में देख रहा है। क्योंकि चुनाव आयोग व भाजपा की जुगलबंदी ने भारत जैसे विशाल लोकतंत्र की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर सवाल खड़ा कर दिया है। विपक्ष तो सीधे तौर पर इसे लोकतंत्र पर हमला बता रहा है। देश के मतदाता इस समय चुनाव आयोग के पक्षपातपूर्ण रवैये से परेशान होकर यही कहते दिखाई दे रहे हैं कि- तू इधर उधर की बात न कर। ये बता कि काफिला क्यों लुटा? मुझे रहजनों से गरज नहीं। तेरी रहबरी का सवाल है?

# जलवायु परिवर्तनः संध्या काल में बुजुर्गों की दुश्वारियां



अमरपाल सिंह वर्मा

जलवायु परिवर्तन अब केवल पर्यावरण की चुनौती नहीं रह गया है, बल्कि मानवीय स्वास्थ्य पर गंभीर संकट भी बन चुका है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) की हाल में जारी नई रिपोर्ट में बुजुर्गों पर मंडरा रहे जानलेवा संकट की चेतावनी दी गई है। रिपोर्ट के मुताबिक बुजुर्ग खास तौर पर जलवायु परिवर्तन के कारण गंभीर स्वास्थ्य जोखिमों का सामना कर रहे हैं। यह रिपोर्ट पूरी दुनिया के बुजुर्गों पर जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों का खुलासा करती है। भारत जैसे देश, जहां बुजुर्गों की संख्या लगातार बढ़ रही है, में जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य पर प्रभाव और भी अधिक चिंताजनक होते जा रहे हैं।


बुजुर्ग न केवल शारीरिक रूप से कमजोर होते हैं, बल्कि उनकी रोग प्रतिरोधी क्षमता भी उम्र के साथ घटती जाती है। ऐसे में वे भीषण गर्मी, लू, शीत लहर, वायु प्रदूषण और नई उभरती बीमारियों के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाते हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मी में इजाफा हो रहा है। यह बुजुर्गों के लिए प्रमुख स्वास्थ्य जोखिम है क्योंकि लू और अत्यधिक तापमान के दौरान उनके शरीर की तापमान नियंत्रित करने की क्षमता कम हो जाती है। 2022 की द लैंसेट काउंटडाउन रिपोर्ट के अनुसार 2000-04 और 2017-21 के दौरान जलवायु परिवर्तन से भारत में गर्मी से संबंधित मौतों में 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इनमें बुजुर्गों की संख्या अधिक है क्योंकि उनकी शारीरिक क्षमता जलवायु बदलाव को झेलने में कम होती है। पिछले कुछ वर्षों में उत्तरी राज्यों सहित भारत के कई हिस्सों में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप बढ़ा है। गर्मियों में तापमान 45-50 डिग्री तक पहुंच जाता है। जलवायु परिवर्तन से वायु गुणवत्ता भी प्रभावित हो रही है। यह स्थिति अस्थमा और दिल की बीमारी से जूझते बुजुर्गों के लिए जानलेवा साबित हो जाती है क्योंकि उनकी त्वचा और शरीर की तापमान संतुलन क्षमता कम हो चुकी होती है, जिससे लू लगने, डिहाइड्रेशन और हृदयाघात का खतरा बढ़ जाता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण जहां गर्मी के दिन बढ़ते जा रहे हैं, वहीं सर्दियों में भी अत्यधिक ठंड पड़ने लगी है। शीत लहर के कारण बुजुर्गों को हाइपोथर्मिया, रक्तचाप में गिरावट तथा जोड़ों के दर्द जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। खासकर उत्तर भारत में दिसम्बर-जनवरी की सर्दियां उनके लिए घातक साबित हो सकती हैं।

जलवायु परिवर्तन के चलते मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया जैसे रोगों का प्रसार बढ़ा है। बुजुर्गों के लिए ये रोग अधिक घातक सिद्ध हो सकते हैं। मौसम जनित प्रभावों से उनमें तनाव, अकेलापन और अवसाद की स्थिति बनती है। यूएनईपी की रिपोर्ट में यह भी सामने आया है कि 1990 के दशक से अब तक 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों में तापलहर के कारण होने वाली मौतों में लगभग 85 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ताप लहरें, बाढ़ और बर्फ के पिघलने जैसे जलवायु परिवर्तन के सबसे घातक प्रभावों में से एक हैं। रिपोर्ट के अनुसार जो बुजुर्ग पुरानी बीमारियों, चलने-फिरने में कठिनाई या शारीरिक कमजोरी से जूझते हैं, वो भीषण गर्मी में जानलेवा खतरे का सामना करते हैं। ये खतरे तब और बढ़ जाते हैं, जब वो प्रदूषित, भीड़भाड़ वाले शहरों या तटीय इलाकों में रहते हैं, जहां बुजुर्गों की आबादी ज्यादा है, और समुद्र का स्तर लगातार बढ़ रहा है।

हमारे देश में पहले दिल्ली, पटना, लखनऊ, कानपुर, जयपुर, जोधपुर जैसे बड़े शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यू) 'खतरनाक' श्रेणी में पहुंचता था, अब तो राजस्थान के श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ समेत विभिन्न छोटे शहर भी इस स्थिति में आने लगे हैं। जाहिर है, समस्या बढ़ती जा रही है। भारत में 60 वर्ष से अधिक आयु वाले लोगों की संख्या 14 करोड़ तक पहुंच चुकी है, जो 2050 तक दोगुनी होकर 34 करोड़ 60 लाख हो जाने का अनुमान है। एक ओर जहां बुजुर्गों की आबादी बढ़ रही है, वहीं जलवायु परिवर्तन का असर भी तेज से तेज होता जा रहा है। हीटवेव, वायु प्रदूषण और संक्रामक रोगों के बढ़ते खतरे ने बुजुर्गों को गंभीर संकट में डाल दिया है।

जरूरत इस बात की है कि सरकारें, नीति निमार्ता, स्वास्थ्यकर्मी और समाज के लोग मिल कर ऐसे समाधान खोजें जो बुजुर्गों को जलवायु परिवर्तन के बदलावों से सुरक्षित रख सकें। यूएनईपी की रिपोर्ट में



इसके लिए शहरों को प्रदूषणमुक्त रखने की सिफारिश की गई है, जहां हरित क्षेत्रों की पर्याप्त मौजूदगी हो। सुझाव दिया गया है कि सुनियोजित शहरी विकास, सामुदाय आधारित आपदा जोखिम प्रबंधन और बुजुर्ग आबादी के लिए जलवायु संबंधी सूचनाओं तक बेहतर पहुंच सुनिश्चित की जाए। जलवायु परिवर्तन की आंच सबसे पहले और सर्वाधिक गहराई से बुजुर्ग शरीर को महसूस होती है। यह वह वर्ग है जिसने देश को दशकों अपने श्रम, ज्ञान और सेवा से समृद्ध किया है। अब जरूरत है कि हम उन्हें ऐसा वातावरण दें जहां वे जीवन का संध्या काल अच्छे स्वास्थ्य के साथ बिता सकें।

# दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की संसदीय प्रणाली का औसत प्रदर्शन शर्म वाली बात है...

भारतीय लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण मंच संसद जनता के प्रतिनिधियों को नीति और विधायी कार्यों पर गहन विमर्श का अवसर प्रदान करता है। लेकिन आज संपन्न मानसून सत्र इसका विपरीत चित्र प्रस्तुत करता है। हम आपको बता दें कि लगभग एक महीने तक चले इस सत्र में लोकसभा ने 12 और राज्यसभा ने 15 विधेयक पारित किए। कागजों पर यह भले उपलब्धि दिखती है, किंतु वास्तविकता यह है कि अधिकांश विधेयक बिना सार्थक चर्चा के शोर-शराबे और हंगामे के बीच पारित हुए। दोनों सदनों में कामकाज की स्थिति वाकई काफी चिंताजनक रही। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के अनुसार, 419 तारांकित प्रश्न सूचीबद्ध थे, किंतु बार-बार होने वाले व्यवधानों के कारण मात्र 55 प्रश्नों के ही मौखिक उत्तर हो पाए। साथ ही जहां सत्र की शुरूआत में 120 घंटे चर्चा का लक्ष्य रखा गया था, वहीं विपक्ष के निरंतर गतिरोध के चलते सदन केवल 37 घंटे ही चर्चा कर सका। इसी तरह राज्यसभा का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा। उपसभापति हरिवंश के अनुसार, सदन का कुल कामकाज मात्र 38.88 प्रतिशत ही हुआ और शून्यकाल तथा प्रश्नकाल एक बार भी सामान्य तरीके से संचालित नहीं हो सका। यह आंकड़े दशार्ते हैं कि संसदीय प्रणाली अपनी गुणवत्ता और प्रभावशीलता खोती जा रही है।



हम आपको याद दिला दें कि सत्र की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह कहकर की थी कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। बावजूद इसके, विपक्ष ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और ह्यऑपरेशन सिंदूरह्व जैसे मुद्दों पर हंगामा करते हुए लगातार कार्यवाही ठप रखी। परिणामस्वरूप कई सांसद, जो अपने संसदीय क्षेत्र के मुद्दों को उठाने की तैयारी के साथ संसद पहुँचे थे, अपनी बात रखने से वंचित रह गए। यह न केवल सांसदों की भूमिका को कमतर करता है बल्कि जनता की आकांक्षाओं को भी ठेस पहुँचाता है।

देखा जाये तो संसद का मूल उद्देश्य है– कानून निर्माण पर व्यापक चर्चा और विमर्श। चर्चा से कानून के पक्ष-विपक्ष, उसके प्रभाव और संभावित खामियों पर प्रकाश पड़ता है। किंतु हंगामे के बीच जब विधेयक संक्षिप्त औपचारिकता के बाद पारित होते हैं, तो उनकी गुणवत्ता और पारदर्शिता दोनों प्रभावित होती हैं। यह न केवल विधायी प्रक्रिया की गंभीरता को कम करता है, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा को भी आहत करता है।

इसके अलावा, जिस तरह अन्य क्षेत्रों में नो वर्क नो पे का सिद्धांत लागू है, उसी तरह सांसदों पर भी यह नियम लागू होना चाहिए। यदि वह जानबूझकर हंगामे और व्यवधान के कारण संसद का काम ठप करते हैं, तो करदाताओं के पैसों से मिलने वाले वेतन और भत्तों पर उनका कोई अधिकार नहीं बनता। साथ ही, जिस तरह दागी नेताओं को एक माह तक जेल में रहने पर स्वतः उनका मंत्री पद समाप्त होने के प्रावधान वाला विधेयक पेश किया गया है उसी तरह लगातार हंगामा करने वाले सांसदों की सदस्यता स्वतः समाप्त करने पर भी गंभीर विचार होना चाहिए। यह लोकतंत्र को बचाने और संसद की गरिमा बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

इसके अलावा, यह भी दिलचस्प रहा कि सत्र से पहले यह अपेक्षा थी कि जस्टिस यशवंत वर्मा के पद से हटाने की प्रक्रिया प्रमुख राजनीतिक मुद्दा बनेगी। किंतु अप्रत्याशित रूप से उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे ने इस मानसून सत्र को एक ऐतिहासिक राजनीतिक मोड़ दे दिया।

इसके अलावा, भारत ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का संकल्प लिया है और पूरा राष्ट्र इस लक्ष्य की दिशा में गति पकड़ चुका है। लेकिन जब संसद में विपक्षी सांसद लगातार हंगामा कर व्यवधान डालते हैं, तो यह सीधे-सीधे विकसित भारत की राह में रोड़ा डालने जैसा है। देखा जाये तो विकास की गति केवल सड़कों, पुलों और उद्योगों से नहीं तय होती, बल्कि सुचारु और प्रभावी विधायी व्यवस्था से भी होती है। संसद ही वह स्थान है जहां नीतियों का खाका तैयार होता है, संसाधनों का प्रबंधन तय होता है और जनता की आवाज नीतियों में रूपांतरित होती है। यदि यही मंच बार-बार शोर-शराबे में जकड़ जाए और कार्यवाही बाधित हो, तो विकास की गाड़ी आगे कैसे बढ़ेगी?

विपक्ष का दायित्व है कि वह सरकार को कटघरे में खड़ा करे, सवाल पूछे और जनहित के मुद्दों पर रचनात्मक बहस करे। लेकिन विपक्ष यदि सवाल पूछने की बजाय हंगामा करने को ही हथियार बनाए, तो यह लोकतंत्र के साथ ही देश की विकास यात्रा के साथ अन्याय है। संसद का हर मिनट करदाताओं के करोड़ों रुपये के बराबर होता है। ऐसे में यह समय और धन व्यर्थ करना देश की प्रगति में बाधा डालने जैसा है। आज जब पूरा भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है, तब विपक्षी सांसदों को चाहिए कि वह हंगामा छोड़कर सार्थक बहस और ठोस सुझावों के माध्यम से योगदान करें। विकास केवल सरकार का नहीं, बल्कि पूरे राजनीतिक तंत्र और समाज का साझा दायित्व है। यदि संसद ही ठप कर दी जाएगी, तो विकसित भारत का संकल्प केवल एक अधूरा सपना बनकर रह जाएगा।

बहरहाल, स्पष्ट है कि भारतीय संसदीय प्रणाली इस समय गंभीर संकट से गुजर रही है। आंकड़े बताते हैं कि संसद का अधिकांश समय सार्थक चर्चा और विधायी कार्यों की बजाय शोर-शराबे में नष्ट हो रहा है। विपक्ष यदि लोकतंत्र की रक्षा का दावा करता है, तो उसे पहले संसद की कार्यप्रणाली को ठप करने की बजाय संवाद और बहस के रास्ते पर लौटना होगा। लोकतंत्र बहुमत और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी से चलता है। संसद को हंगामे की भेंट चढ़ाना देश और जनता के हितों को सीधा नुकसान पहुँचाता है। इसलिए अब समय आ गया है कि संसद में अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए कठोर नियम बनाए जाएं। हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र हैं लेकिन यदि हमारी संसदीय प्रणाली औसत दर्जे का प्रदर्शन करेगी तो यह स्थिति हर भारतीय के लिए शर्मनाक है।

(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

# मिशन 100 के तहत 100 ग्राम पंचायतों को किया जाएगा कुपोषण मुक्त

**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में गांधी सभागार, कलैक्ट्रेट में संभव अभियान 5.0 के अन्तर्गत मिशन-100 में लगाए गए जनपद / ब्लाक स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी महोदया द्वारा नोडल अधिकारियों को जानकारी दी गई कि मिशन-100 के अन्तर्गत चयनित ग्रामों में बच्चों के कुपोषित होने का कारण जानना चाहिए कि ये बच्चे किस कारण से कुपोषित हैं। क्या इन बच्चों के अभिभावकों को स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी का अभाव है या उनकी पारिवारिक स्थिति अत्यंत कमजोर है जिससे की वह अपने बच्चों को पोष्टिक आहार नही दे पाते हैं। इन सैम बच्चों को सामान्य श्रेणी में लाने हेतु जिलाधिकारी महोदया द्वारा समस्त नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने से सम्बन्धित ग्राम में जा कर सर्वे करते हुए कुपोषित बच्चों के



अभिभावकों को बच्चों को सुपोषित करने हेतु खान-पान, स्वस्थ रहने से सम्बन्धित जानकारियां दें एवं एक सप्ताह में अपनी प्रगति रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन 100 के इस अभियान के तहत जनपद की 100 ग्राम पंचायतों को पूरी तरह से कुपोषण मुक्त करना है कोई भी बच्चा कुपोषित नहीं रहना चाहिये। कहा कि निरीक्षण करने पर उस परिवार की आर्थिक स्थिति को देखा जाए और उसे सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। सभी बिंदुओं पर गौर करके निरीक्षण करना है। कहा कि बच्चों का वजन और लंबाई ठीक ढंग से मापी जाए। डीएम ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य कुपोषित और कम हाइट वाले बच्चों को चिन्हित कर उनकी डाइट में सभी पोषक तत्व देते हुए उनको कुपोषित की श्रेणी से बाहर निकलना है। उन्होंने कहा कि यह कार्य देश और प्रदेश के विकास के लिए बहुत जरूरी है। कोई भी बच्चा कुपोषित रहकर पीछे न रह जाए इसलिए ये अभियान शुरू किया गया है। जिससे सभी कुपोषित बच्चे स्वस्थ होकर एक अच्छा जीवन जीते हुए देश की प्रगति में योगदान दे सके। उन्होंने बताया कि अभियान के अन्तर्गत 100 ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारी नामित किए गए है जिन्हें सही से वजन तथा लम्बाई नापने हेतु निर्देशित किया गया है ताकि नाटेपन एवं लो बर्थ वेट रेट में कमी लाई जा सके। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ0 आभा दत्त, जिला कार्यक्रम अधिकारी सहित नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

# उप कृषि निदेशक, जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक विक्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण

**अमरोहा (सब का सपना) रोहित कुमारः-** जिले में उर्वरकों की उपलब्धता, नियमानुसार वितरण और गुणवत्ता नियंत्रण हेतु संयुक्त कृषि निदेशक मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद, उप कृषि निदेशक, अमरोहा, जिला कृषि अधिकारी, अमरोहा ने उर्वरक विक्रय केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया। जनपद में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, यूरिया के 227684 बैग्स, डी०ए०पी० के 36344 बैग्स तथा एन०पी० के० के 41460 बैग्स उपलब्ध है, जोत के आकार से ज्यादा विक्रय करने पर 3 उर्वरक विक्रेताओं के लाईसेंस निरस्त कर दिये गये है, एक ही किसान को बार-बार अधिक उर्वरक विक्रय करने पर (फ्रीक्वेंट बायर्स) .2 लाईसेंस



निलम्बित किये गये है एवं 6 विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किये गये है तथा पिछले साल की तुलना में इस वर्ष समान अवधि में अत्यधिक विक्रय करने वाले उर्वरक विक्रेताओं की भी जांच की जा रही है, जांचोपरान्त नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिला कृषि अधिकारी मनोज कुमार ने जनपद के किसानों से अनुरोध करते हुए कहा कि अत्यधिक यूरिया के प्रयोग से पौधे की वृद्धि अधिक होने के कारण कीट-रोग लगने की संभावना बढ़ जाती है और गन्ने की फसल में ब्यांत भी कम होता है। अतः संतुलित मात्रा में ही उर्वरकों का प्रयोग करें। समस्त उर्वरक विक्रेताओं को निर्देशित किया जाता है कि यदि ओवररेटिंग, टैगिंग या कालाबाजारी की शिकायत आती है तो नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी, यदि किसी विक्रेता ने उर्वरक का डाईवर्जन किया तो उसके विरूद्ध F.I.R की जायेगी।

# ई-ऑफिस सेल पुलिसकर्मियों द्वारा एक समीक्षा एवं प्रशिक्षण सत्र किया गया आयोजित

**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद में शत-प्रतिशत ई-ऑफिस प्रणाली के सफल क्रियान्वयन के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में रिक्रूट प्रशिक्षण केन्द्र, कम्प्यूटर लैब, डिडौली में ई-ऑफिस सेल पुलिसकर्मियों द्वारा एक समीक्षा एवं प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में जनपद के समस्त थाना कार्यालय, मुख्य अग्निशमन



अधिकारी कार्यालय, यू0पी0-112, अग्निशमन कार्यालय गजरौला/ अमरोहा सहित ई-ऑफिस संचालन में नियुक्त पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान ई-ऑफिस संचालन में आ रही व्यवहारिक एवं तकनीकी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा उपस्थित कार्मिकों को समाधानात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस पहल का उद्देश्य कार्यप्रणाली को पूर्णतः डिजिटल एवं पारदर्शी बनाते हुए पुलिस कार्यों में तीव्रता, दक्षता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

# बर्ड फ्लू की जांच के 100 सैम्पल्स की जाँच रिर्पोट प्राप्त हो गई है जो नेगेटिव आई हैं

**अमरोहा (सब का सपना) रोहित कुमारः-** मुरादाबाद मंडल के जनपद रामपुर में बर्ड फ्लू की पुष्टि होने के तुरंत बाद से ही जनपद अमरोध में पूरी सर्तकता बरती जा रही है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक कर समस्त सम्बंधित विभागों को उनके दायित्वों के प्रति सचेत कर दिया गया है। पशु पालन विभाग की विकास खंड स्तरीय रैपिड रेस्पॉन्स टीमें निरंतर क्रियाशील रहते हुए जनपद की पोल्ट्री फार्मस का निरीक्षण कर रही है। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के निदेर्शानुसार



जनपद के पोल्ट्री फार्म्स व होटल व्यवसाय से जुड़े प्रमुख लोगों को जूम बैठक के माध्यम से समस्त सावधानियों के विषय में जानकारी प्रदान कराई गई है, तथा जनसामान्य हेतु "क्या करें, क्या न करें" की जानकारी प्रतिष्ठित समाचार पत्रों व आडियो क्लिप के माध्यम से प्रचारित की जा रही है। पशुपालन विभाग की टीमों द्वारा प्रतिदिन सर्विलांस का कार्य किया जा रहा है। जनपद से क्लोएकल, ओरो फैरेन्जियल तथा सीरम सैम्पल, मंडलीय रोग निदान प्रयोगशाला, मुरादाबाद के माध्यम से भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर, बरेली भेजे जाते हैं। अब तक कुल 137 सैम्पल प्रेषित किये जा चुके हैं जिनमे लगभग 100 सैम्पल्स की जाँच रिर्पोट प्राप्त हो गई है जो नेगेटिव है। जन सामान्य से अनुरोध है कि सर्तकता बनाये रखे परंतु अफवाहों पर ध्यान न दें।

# लोक अदालत के संबंध में जिला न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारीगण के साथ की बैठक

**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद न्यायाधीश विवेक की अध्यक्षता में जनपद न्यायाधीश के सभागार कक्ष में सभी न्यायिक अधिकारीगण की बैठक आहुत की गयी। आहुत बैठक में जनपद न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अमरोहा द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने हेतु निर्देशित किया। निर्देशित करते हुए कहा गया कि प्रस्तावित लोक अदालत दिनांक 13.09.2025 में अधिक से



अधिक वाद चिन्हित करें, तथा चिन्हित वादो का निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत सफल बनाये। आहुत बैठक में पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अमरोहा लोकेश राय, पीठासीन अधिकारी कुटुम्ब न्यायालय अमरोहा सुश्री मधुलिका चौधरी, माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम साकिर हसन, माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश एस०सी०/ एस०टी० संजय चौधरी, माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत ईश्वर सिंह एवं श्रीमति ज्योति अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमरोहा आदि न्यायिक अधिकारी उपस्थित रहें।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने परिषदीय विद्यालय की समस्याओं को लेकर उठाई आवाज

**अमरोहा (सब का सपना) रोहित कुमारः-** जिले में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों एवं शिक्षा मित्रों की समस्याओं को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ मोनिका को ज्ञापन सोपा। इस दौरान उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा है कि कई महीने से लंबित शिक्षक को व शिक्षामित्र का मानदेय तत्काल ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन भुगतान किया जाए। साथ ही 70% से कम छात्र उपस्थिति पर वेतन वृद्धि रोके जाने के आदेश को वापस लिया जाए। संघ ने यह भी मांग की है कि पूर्व में कार्यरत शिक्षामित्र को उनके



पद पर समायोजित कर पुराने भगाया भुगतान किए जाएं। उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार दूर दराज के विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को डबल एचआरए का भुगतान निश्चित किया जाए। इसके अलावा शिक्षकों का रुका हुआ एरियर छुट्टियां और बढ़ते भी तत्काल जारी किया जाए। शिक्षक संघ का कहना है कि यदि उनकी मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया तो उन्हें आंदोलन करने के लिए कदम उठाना पड़ेगा। इस अवसर पर जिला मंत्री मुकेश चौधरी, गंगेश्वरी ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह, साथी अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# वैष्णो देवी यात्रा के लिए जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस पलटी एक की मौत, 10 गंभीर एम्स रेफर





मृतक युवक कृपाल उर्फ इकबाल

**अमरोहा (सब का सपना):-** हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव रुखालू से श्रद्धालुओं से भरी बस वैष्णो देवी जा रही थी। जब बस जम्मू से 40 किलोमीटर दूर सांबा गांव में पहुंची तो वहां वह पलट गई। जिसमें एक श्रद्धालु की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जनपद के हसनपुर कोतवाली के गांव रुखालू से 18 अगस्त रात्रि 10:00 बजे 60 श्रद्धालुओं से भरी बस वैष्णो देवी यात्रा के लिए निकली थी। जब बृहस्पतिवार की रात्रि 2:30 बजे श्रद्धालुओं से भरी बस जम्मू से 40 किलोमीटर दूर सांबा क्षेत्र के पास पहुंची तो अचानक बस का अगला टायर फट गया। जिससे बस अनियंत्रित होकर पुल से नीचे पलट गई। जिसमें एक श्रद्धालु कृपाल उर्फ इकबाल 28 वर्षीय की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अन्य श्रद्धालु घायल हो गए। जिन्हें नजदीकी जिला अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया। जहां 16 श्रद्धालुओं की हालत गंभीर देखते हुए इमरजेंसी वार्ड में रखा गया है जहां उनका इलाज जारी है। खबर लिखे जाने तक बाकी सभी श्रद्धालुओं को वापस रवाना कर दिया गया था। मृतक युवक कृपाल उर्फ इकबाल शादीशुदा था। वह गांव में ही रहकर मिठाई की दुकान चलाता था। मृतक के तीन बच्चे है। घटना की जानकारी जब परिजनों को पता चली तो परिजनों में कोहराम मच गया।

# मुख्यमंत्री पर हुआ हमला किसी बड़ी साजिश का हिस्सा:- एड. मुजाहिद चौधरी

**हसनपुर/अमरोहा (सब का सपना) जावेद चौधरीः-** रालोद के क्षेत्रीय महासचिव मुजाहिद चौधरी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निन्दा की है। रालोद के क्षेत्रीय महासचिव मुजाहिद चौधरी ने इस हमले को एक हिंसक घटना बताया। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर हमला बताते हुए मुख्यमंत्री पद के साथ साथ महिलाओं की अस्मिता और



सम्मान पर हमला बताते हुए कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि यह हमला किसी गंभीर साजिश का भी अंग हो सकता है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली पुलिस कमिश्नर एस.बी. के. सिंह को हटाने और तिहाड़ जेल के डी.जी. के पद पर कार्यरत सतीश गोलचा को दिल्ली का नया पुलिस कमिश्नर बनाए जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए उन्हें एक्स पर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# डीएम ने विद्यालयों के जर्जर भवन के संबंध में विभागीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

**अमरोहा (सब का सपना):-** जिले की जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विद्यालयों के जर्जर भवन के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई। जिसमें सभी खंड शिक्षा अधिकारियों से प्राप्त सूचना के आधार पर ऐसे जर्जर विद्यालय जिनकी तीन बार नीलामी करने पर भी बोली प्राप्त नहीं हुई अधिक मूल्यांकन होने के कारण नीलामी की कार्रवाई पूर्ण नहीं हो सकी उन विद्यालयों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई ग्राम पंचायत स्तर से नए शासनादेश के क्रम में की जानी है। मलबा का प्रयोग विद्यालय परिसर में



किया जाना है। एक सप्ताह में ऐसे विद्यालयों का प्राक्कलन तैयार कर ग्राम पंचायत के माध्यम से अग्रिम कार्रवाई की जानी है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 मोनिका सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, सीडीपीओ उपस्थित रहे।

# अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी हरीश कुमार के उत्कृष्ट कार्य क्षेत्र को दे रहा है नई दिशा

**अमरोहा (सब का सपना) रोहित कुमारः-** जिला, उत्तर प्रदेश के उन क्षेत्रों में से एक है, जहां विकास कार्यों को गति देने और ग्रामीण समुदायों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में, हसनपुर विकास खण्ड में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (एपीओ) हरीश कुमार ने अपने समर्पण और कुशल नेतृत्व से विकास कार्यों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उनके कार्यों ने न केवल स्थानीय प्रशासन की सराहना प्राप्त की है, बल्कि ग्रामीण जनता के बीच भी उनकी एक अलग पहचान बनाई है। हरीश कुमार ने हसनपुर विकास खण्ड में विभिन्न सरकारी योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन पर विशेष ध्यान दिया है। विशेष रूप से, मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत उनके द्वारा किए गए प्रयास उल्लेखनीय हैं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे के विकास



को प्राथमिकता दी। उनके नेतृत्व में, खण्ड के कई गांवों में सड़क निर्माण, तालाबों की सफाई, और जल संरक्षण परियोजनाओं को गति मिली। इन परियोजनाओं ने न केवल ग्रामीणों को रोजगार के अवसर प्रदान किए, बल्कि क्षेत्र की जलवायु और पर्यावरण को भी बेहतर बनाया। हरीश कुमार की कार्यशैली में पारदर्शिता और जवाबदेही प्रमुख विशेषताएं हैं। उन्होंने मनरेगा के तहत कार्यों की निगरानी के लिए डिजिटल उपकरणों का उपयोग किया, जिससे भ्रष्टाचार की संभावनाएं कम हुई और योजनाओं का लाभ सही व्यक्तियों तक पहुंचा। इसके अलावा, उन्होंने ग्रामीण समुदायों के साथ नियमित बैठकें आयोजित कीं, जिसमें ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनके समाधान के लिए त्वरित कदम उठाए गए। उनकी यह पहल ग्रामीणों के बीच विश्वास और सहयोग को बढ़ाने में सहायक रही। हरीश कुमार की मेहनत और समर्पण का परिणाम है कि हसनपुर विकास खण्ड में विकास कार्यों ने नई गति पकड़ी है। उनके प्रयासों ने न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया, बल्कि सामाजिक और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा दिया। स्थानीय प्रशासन और ग्रामीण समुदाय दोनों ही उनके कार्यों की सराहना करते हैं। हरीश कुमार का यह योगदान निश्चित रूप से अन्य अधिकारियों के लिए एक प्रेरणा है और हसनपुर विकास खण्ड को प्रगति के पथ पर अग्रसर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। हालांकि एपीओ हरीश कुमार के द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य के पीछे खंड विकास अधिकारी विजय कुमार सक्सेना का नेतृत्व रहा है।

# ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों के सम्बन्ध में किया गया बैठक का आयोजन



**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** कलेक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी डॉ.राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में ग्राम्य विकास विभाग के कार्यों के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने समस्त ग्राम विकास के कार्यों के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं आवश्यक दिशा निर्देशित किया। फैमिली आई डी एवं फॉर्मर रजिस्टर की प्रगति पर जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुए कहा की प्रत्येक दिशा में प्राथमिकता के आधार पर कार्य किया जाए। आवासों की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये और उन्होंने कहा की आवास की प्रगति जो खराब है उसको शतप्रतिशत ठीक कराया जाए।ग्राम चौपाल को लेकर भी चर्चा की गयी तथा जिलाधिकारी ने दिव्यांगों के घर मुलाकात, आवास, अंत्योदय परिवार तथा सैम मैम बच्चे, एबीपी कार्यक्रम पर चर्चा की गयी, मोबाइल वैन तथा सम्भल एप का प्रयोग को लेकर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांगों को मिशन बनाना है। क, ख, ग, घ गतिविधि पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद को निपुण बनाना है। एक पुष्प एवं एक पुस्तक अभियान पर भी चर्चा की गयी उन्होंने कहा कि इसको एक अभियान के रूप में ले। आदर्श ग्राम तथा गर्भ संस्कार केंद्र, प्लास्टिक मुक्त नगर एवं ग्राम पंचायत को लेकर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह,जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग, जिला दिव्यांगजन एवं सशक्तिकरण अधिकारी माधवी पाण्डेय एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस एवं नगर पालिका ने की संयुक्त कार्यवाही

## अवैध अतिक्रमण को हटाया गया तथा 152 वाहनों का किया गया चालान





**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** नगर पालिका में यातायात पुलिस तथा नगर पालिका गजरौला द्वारा गजरौला चौपला पर अवैध रूप से किए जा रहे अतिक्रमण को हटवाया गया तथा स्थाई अतिक्रमण को जे सी बी मशीन के द्वारा हटाया गया गजरौला चोपला पर ट्रैफिक के अत्यधिक आवागमन तथा अवैध रूप से चौराहे पर खड़े किए गए वाहनों के विरुद्ध यातायात पुलिस द्वारा mv एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई तथा सभी वाहन चालकों को हिदायत दी गई कि निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही अपने वाहनों को खड़ा करें। अतिक्रमण हटाओ अभियान गजरौला चोपला से हसनपुर रोड के दोनों साइड में चलाया गया तथा गजरौला चोपला से इंदिरा चौक गजरौला चौराहे पर दोनों और से अतिक्रमण को हटाया गया। सभी दुकानदारों को ईओ गजरौला द्वारा हिदायत की गई की अगर दोबारा अतिक्रमण किया गया तो उनके द्वारा विधिक कार्रवाई की जाएगी। इसी अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया तथा यातायात नियम उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्यवाही की गयी और 152 वाहनों के एमवी एक्ट के अंतर्गत चालान किये गये और 2.5 लाख का जुमार्ना आरोपित किया गया ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया विभागीय वार समीक्षा बैठक का आयोजन



**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में मिशन शक्ति, आईसीडीएस आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण एवं भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के अन्तर्गत जिलाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम भीख से सीख कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गयी। बच्चों के एफिडेविट तथा बर्थ सर्टिफिकेट को लेकर चर्चा की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि आधार कार्ड बनवाने को लेकर संबंधित उप जिलाधिकारी का सहयोग लें जिससे सत प्रतिशत बच्चों के आधार कार्ड बन सकें।

**कन्या सुमंगला योजना व गर्भ दिव्य संस्कार केंद्र पर कि विस्तार पूर्वक चर्चा**

मिशन शक्ति को लेकर आकांक्षात्मक ब्लॉक से संबंधित बिन्दुओं के विषय में जानकारी प्राप्त की तथा कन्या सुमंगला की प्रगति विभाग वार प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि संस्थागत प्रसव की जागरूकता के क्षेत्र में कार्य करें । समाज सेविका संगीता भार्गव ने मिशन शक्ति के अन्तर्गत उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों से जिलाधिकारी को अवगत कराया एवं जिलाधिकारी ने गर्भ दिव्य संस्कार केंद्र बनाए जाने को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा बताया गया कि सीएचसी चंदौसी में स्थापित पोषण पुनर्वास केन्द्र ( एन आर सी) के समान प्रत्येक ब्लॉक के सीएचसी पर चार- चार बेड आरक्षित कर एन आर सी के पैरामीटर पर कार्य किया जाएगा। जिलाधिकारी ने आकांक्षात्मक ब्लॉक असमोली एवं गुन्नौर के अन्तर्गत सैम एवं मैम बच्चों की संख्या के विषय में जानकारी प्राप्त की गयी एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आंगनबाड़ी केन्द्रों के निर्माण कार्यों को लेकर विकासखण्ड वार जानकारी प्राप्त की गयी। जिलाधिकारी ने आर ई डी विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण तीव्र गति से एवं गुणवत्ता पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। नहीं तो कारण बताओं नोटिस जारी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने जिला कार्यक्रम अधिकारी आईसीडीएस को निर्देशित करते हैं जिन कर्मचारियों के द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है उनको कठोर चेतावनी जारी करते हुए आवश्यक दिशा निर्देशित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा की वीएचएनडी सत्र पर समस्त आंगनबाड़ी अपने उपकरण सहित उपस्थित रहे इसको प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त सीडीपीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि अपना अपना कार्य लक्ष्य के सापेक्ष करना सुनिश्चित करें किसी भी दशा में लापरवाही संज्ञान में न आए। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजन स्कूल को लेकर भी चर्चा की एवं संबंधित को साफ सफाई के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण तथा डीपीओ आईसीडीएस महेश कुमार, समाज सेविका संगीत भार्गव, निधि पटेल, उडान ग्रुप बबराला से ममता राजपूत एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन की एक विशाल जनसभा का आयोजन



**चंदौसी/संभल(सब का सपना):-** अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस ट्रेड यूनियन की एक विशाल जनसभा मोहल्ला खुर्जा गेट स्थित वाल्मीकि पार्क में संपन्न हुई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती लता वार्ष्णेय एवं समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी का सफाई कर्मियों का वर्षों से लंबित वेतन दिलाए जाने पर आभार व्यक्त किया गया। बैठक की अध्यक्षता महिपाल सिंह ने की तथा संचालन आनंद प्रकाश वाल्मीकि ने किया। सभा में जिला अध्यक्ष नंदू वाल्मीकि ने कहा कि सफाई कर्मचारियों की अधिकांश समस्याओं का समाधान शीघ्र कर दिया गया है। उन्होंने प्रदेश सरकार से आउटसोर्सिंग एवं संविदा पर कार्यरत सफाई कर्मचारियों को स्थायी किए जाने की माँग उठाई। वरिष्ठ पदाधिकारी ज्ञान प्रकाश वाल्मीकि ने ठेका कर्मचारियों को एक दिन का साप्ताहिक अवकाश दिलाए जाने की माँग रखी। सभा में बड़ी संख्या में महिला सफाई कर्मचारी भी मौजूद रहीं। उपस्थित कर्मचारियों ने कहा कि नंदू वाल्मीकि के नेतृत्व में हर मांग को पूरी ईमानदारी से उठाया जा रहा है और हम संगठन के साथ मजबूती से खड़े हैं। इस अवसर पर शिव नन्दन वाल्मीकि, नीरज वाल्मीकि, ऋतिक वाल्मीकि, राजू वाल्मीकि, सचिन वाल्मीकि, विक्रम वाल्मीकि, बंधन वाल्मीकि, उतिल वाल्मीकि, आशीष कुमार, सर्वेश कुमार, संजीव कुमार, बाबू भाई, प्रताप सिंह, मोनू सिंह, सतीश सिंह, छोटू वाल्मीकि, शांतनु वाल्मीकि, अमित कुमार, शैलू वाल्मीकि सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन सट्टेबाजी का प्लेटफॉर्म चलाने वाले पांच गिरफ्तार






**बहजोई/संभल (सब का सपना):-** ऑनलाइन सट्टेबाजी का प्लेटफॉर्म संचालित करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में ऋषिपाल यादव पुत्र छत्रपाल निवासी ग्राम कोठा थाना उघैती, जनपद बदायूं; अमित वार्ष्णेय पुत्र मुकुंद बिहारी लाल निवासी ब्रहम बाजार, चंदौसी जनपद सम्भल; इंगित कोहली (45) पुत्र त्रिलोक कोहली निवासी पंचकूला, हरियाणा (मूल निवासी चंदौसी); पुष्कर सारकी पुत्र बहादुर सारकी निवासी कंचनपुर, नेपाल तथा पवन कुमार पुत्र सुरेन्द्र कुमार निवासी फाजिलका, पंजाब शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई के निर्देशन में गठित टीम ने खुलासा किया कि यह गिरोह एक संगठित तरीके से ऑनलाइन सट्टेबाजी का प्लेटफॉर्म चला रहा था। इसके लिए फ्रेंचाइजी मॉडल बनाया गया था, जिनमें से एक फ्रेंचाइजी दिल्ली के शालीमार बाग में संचालित की जा रही थी। इसके मालिक जय कक्कड़ और आदित्य गुप्ता बताए गए हैं, जबकि इंगित कोहली इस फ्रेंचाइजी का मैनेजर था। कोहली ने अपने क्लासमेट अमित वार्ष्णेय की मदद से अकाउंट की व्यवस्था कराई। इसके लिए ऋषिपाल यादव ने बैंक लोन माफ कराने का झांसा देकर दीनदयाल निवासी चंदौसी और उसकी पत्नी के बैंक खाते, पासबुक और एटीएम हासिल कर लिए। इन्हीं खातों के जरिए करोड़ों रुपये का लेनदेन किया गया। जब पुलिस से नोटिस मिलने पर दीनदयाल को धोखाधड़ी का पता चला तो उसने मुकदमा दर्ज कराया। जांच के दौरान खुलासा हुआ कि इंगित कोहली ने अपने घर पर काम करने वाले नेपाली नौकर पुष्कर सारकी, उसके भाई और भाभी के नाम पर भी कई खाते खुलवाए थे। वहीं, खातों के दस्तावेज जुटाने का काम पवन निवासी पंजाब करता था। पुलिस के अनुसार गिरोह द्वारा अलग-अलग खातों के माध्यम से सट्टेबाजी के यूजर्स से प्राप्त धन का लेनदेन किया जाता था। हारने पर यूजर्स शिकायत कर देते थे, जिससे बैंक अकाउंट फ्रीज हो जाते थे, इसी कारण लगातार नए खातों की आवश्यकता रहती थी।

# समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन






**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** समाजवादी पार्टी के जनपद भर से आए हुए कार्यकताओं तथा महिला सभा ने जिला अधिकारी संभल के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचकर जिलाधिकारी डॉ राजेंद्र पेसीया को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि उत्तर प्रदेश की विधानसभाओ में मतदाता सूची से 2022 में पिछडी जातियों यादव मुस्लिम मौर्य बघेल आदि जातियों के वोट काटे गये थे जिसकी शिकायत शपथ पत्र देकर चुनाव आयोग से 18000 वोटो की की गई थी परंतु उस पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। आगे ज्ञापन में ये भी कहा गया कि आपसे निवेदन है की कार्रवाई कर जिन अधिकारियों ने समाजवादी समर्थकों के नाम काटे हैं उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता भावना सक्सैना जिला अध्यक्ष,माहिला सभा प्रदेश सचिव, माहिला सभा संगीता पाल,सुनीता यादव,जिला अध्यक्ष असगर अली अंसारी,कृष्ण मुरारी शंखधार जिला महासचिव, शोभित कुमार काका, सद्दाम कुरेशी,कमल शर्मा ,उमेश यादव,रविन्द्र कुमार,मुर्शीद,राहुल यादव, अशोक राणा,हो राम सिंह, ओम प्रकाश प्रजापति,उर्मिला पाल, सावित्री पाल रामादेवी पाल,राम बेटी पाल, सावित्री पाल,शकुंतला मौर्य, अरविंद यादव ,मुकेश यादव, राजवती पाल,कस्तूरी देवी,मनोज पाल, आदि उपस्थित रहे।

# जिले में तेंदुए की दहशत से ग्रामीण परेशान, तेंदुए को पकड़ने में वन विभाग नाकाम





**अमरोहा (सब का सपना) रोहित कुमार:-** जिला इन दिनों तेंदुए की दहशत के साये में जी रहा है। जिले के थाना रजबपुर क्षेत्र के गांव लांबिया और थाना अमरोहा देहात क्षेत्र के गांव हसनपुर कचिया में तेंदुए के दिखाई देने से ग्रामीणों में खौफ का माहौल है। तेंदुआ न केवल जंगलों में बल्कि आबादी वाले क्षेत्रों में भी घूम रहा है, जिससे लोगों की नींद उड़ गई है। वन विभाग ने तेंदुए को पकड़ने के लिए कई प्रयास किए, लेकिन अब तक वह नाकाम रहा है। इस स्थिति ने ग्रामीणों के बीच असुरक्षा की भावना को और गहरा कर दिया है। हाल ही में, रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव लांबिया में तेंदुए को देखे जाने की खबर ने ग्रामीणों को सकते में डाल दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक तेंदुआ रात के समय गांव के पास जंगल में सड़क पार करता दिखाई दिया। कुछ ग्रामीणों ने इसकी वीडियो भी बनाई, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह वीडियो तेंदुए की मौजूदगी का स्पष्ट प्रमाण है, जिसने गांव वालों में भय पैदा कर दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि तेंदुआ गन्ने के खेतों में छिप गया, जिसके बाद उसे ढूंढना मुश्किल हो गया। लेकिन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने में असफल रही। इसी तरह, अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के हसनपुर कचिया गांव में भी तेंदुआ देखे जाने की खबरें सामने आई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि तेंदुआ रात में गांव के आसपास चक्कर लगा रहा था। एक ग्रामीण ने बताया कि उसने तेंदुए को अपने खेत के पास देखा, जिसके बाद उसने तुरंत गांव वालों को सूचित किया। इस घटना ने गांव में दहशत फैला दी, और लोग अब रात में घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। विशेष रूप से महिलाएं और बच्चे खेतों या जंगल की ओर जाने से बच रहे हैं। ग्रामीणों ने वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है, लेकिन विभाग की सुस्ती से लोग निराश हैं।

# गांव चकवाला में कीचड़ व जलभराव से ग्रामीण परेशान,सांसद के रवैये पर जताया रोष



**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना) कविन्द्र सिंह:-** तहसील क्षेत्र के गांव चकवाला में गांव की मुख्य सड़कों पर जलभराव और कीचड़ से लोग काफी परेशान हैं बरसात के दिनों में इस गांव की मुख्य सड़कों पर इतना जल भराव और कीचड़ रहता है कि आने जाने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।जिसके चलते ग्रामीणों का धैर्य अब टूटता नजर आ रहा है। बता दें कि बुधवार को ग्रामीणों ने समस्या से छुटकारा पाने के लिए कीचड़ और जलभराव में खड़े होकर अपना गुस्सा जताया। गांव की मुख्य सड़क पर लंबे समय से कीचड़ और आपकी समस्या बनी हुई है हालात इतने खराब है कि छोटे बच्चों से लेकर कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को गांव की इस मुख्य सड़क से होकर गुजरना पड़ता है और काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बरसात के दिनों में तो स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के लोगों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर जिला पंचायत में गुहार लगाई थी, जिसको लेकर जेई ने प्रस्ताव भी तैयार कर दिया था लेकिन सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर और जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने प्रस्ताव यह कहते हुए खारिज कर दिया इस गांव में काफी विकास कार्य हो चुके हैं जबकि सांसद द्वारा इस गांव को पहले से ही गोद लिया गया है। सांसद और जिला पंचायत अध्यक्ष के इस रवैये से ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई है ,ग्रामीणों का कहना है कि गांव की टूटी-फूटी और कीचड़ भरी सड़के किसी भी विकास कार्य का उदाहरण नहीं बल्कि उपेक्षा की गवाही दे रही है। ग्रामीणों ने कहा कि सड़क पर इतना कीचड़ और जलभराव है कि बच्चों को स्कूल भेजना भी मुश्किल हो गया है। जिन नेताओं ने इस गांव को गोद लिया उन्होंने ही हमारी मांग को अनसुना कर दिया। इसके अलावा ग्रामीणों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि समस्या का समाधान जल्द नहीं हुआ तो वह आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। इस मौके पर ईश्वर चंद्र भाटी, जयकरण कश्यप, कूड़े कश्यप, नरेश कश्यप, रामनिवास, जोगिंदर, नरेंद्र, मुन्नू, कैलाश सहित कुछ विद्यालय छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे

# जनपद में चल रहे निर्माण कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक

## सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर खराब रैंक प्राप्त करने वाले विभागों को दिए निर्देश, रैंक में लाए सुधार:- जिलाधिकारी

**हापुड़ (सब का सपना):-** जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में हो रहे 50 लाख से अधिक व 50 लाख से कम लागत के निर्माण कार्यों एवं सीएम डैशबोर्ड की जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में हो रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए निर्देश। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी ने बताया की 50 लाख से अधिक की परियोजना है, जिसमें राजकीय महिला महाविद्यालय धौलाना, गौ संरक्षण केंद्र धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर मे बृजघाट का निर्माण,आई टी आई की समीक्षा के दौरान आई टी आई को समय से पूरा कर संबंधित को जल्द से जल्द हस्तांतरित करने के निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की जनपद में जो भी निर्माण कार्य चल रहे हैं संबंधित विभागाध्यक्ष कार्यदाई संस्था से समन्वय बनाकर उसको समय सीमा के अंतर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। किसी भी अधिकारी को किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न हो रही है तो हमें अवगत कराया जाए। इसके उपरांत डीएम ने 50 लाख से कम धनराशि वाली परियोजनाओं मे बाल विकास परियोजना कार्यालय



गढ़मुक्तेश्वर, प्रोजेक्ट अलंकार के तहत राजकीय इंटर कालेज तथा अन्य योजनाओं की समीक्षा की। जिला अधिकारी ने जनपद के सभी अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारीगण मानक एवं गुणवत्ता सहित लक्ष्य को समय से पूरा करने के लिए प्रभावी रणनीति बनाकर अमल में लाएं। उन्होंने कहा कि कार्य गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने पाए इसके अलावा संबंधित कार्यदाई संस्था तथा संबंधित विभाग आपस में समन्वय बनाकर निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण कराए। बैठक के अंत में सीएम डैश बोर्ड की समीक्षा मे विभाग की प्रगति खराब होने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होने प्रोजेक्ट वाइज समीक्षा के दौरान जिन विभागो की रैंक सी0 डी0 ई0 की श्रेणी में है उनको निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर फिडिंग का कार्य सही प्रकार से किया जाए जिससे जनपद की रैंक प्रभावित न हो। आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व जिन विभागों की खराब रैंक प्राप्त हुई है उसमें सुधार किया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का डाटा फीड करना सुनिश्चित करें बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग /विद्युत/ जल निगम / सिंचाई सहित अन्य संबंधी अधिकारी उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्रामीण स्वरोजगार योजनान्तर्गत 2 दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का शुभारम्भ



**हापुड़ (सब का सपना):-** प्रभारी राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र, आवास विकास कालौनी, हापुड़ द्वारा ग्राम पंचायत-अनवरपुर, ब्लाक- हापुड़, जनपद में मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्रामीण स्वरोजगार योजनान्तर्गत 2 दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ ग्राम प्रधान नरेश चन्द्र एवं प्रधानाचार्य राजकीय खाद्य विज्ञान प्रशिक्षण केन्द्र, मेरठ मण्डल मेरठ द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने आये प्रशिक्षार्थियों को लेखन साम्रगी वितरण कर किया गया। रमेश चन्द, प्रधानाचार्य द्वारा खाद्य प्रसंस्करण के अन्तर्गत आने वाले उद्योगों से सम्बन्धित जानकारी एवं प्रशिक्षण उपरान्त खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने पर 50 प्रतिशत (अधिकत्तम एक लाख) रुपए अनुदान सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी। विषय विशेषज्ञ सुरेश शर्मा सेवानिवृत खाद्य प्रसंस्करण अधिकारी द्वारा फल सब्जी से बनने वाले उत्पाद जैसे अचार, सॉस, मुरब्बा, जैम, जैली स्क्वैश, मसाले प्रसंस्करण आदि की जानकारी प्रदान की गयी। रोशनलाल प्रबंधक कैंनरा बैंक ने लोन, प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने आदि की जानकारी प्रदान की गयी। सुशील कुमार सिरोही, प्रभारी द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना (पी.एम. एफ.एम.ई.) के अन्तर्गत 35 प्रतिशत अनुदान अधिकतम दस लाख रुपए अनुदान से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम में 30 लाभाथीयों ने प्रतिभाग किया।

## वैश्य महिला सेवा समिति (रजि0) द्वारा लिए गए टी0बी0 के मरीज गोद

**हापुड़ (सब का सपना):-** भारत सरकार के अति महत्वपूर्ण कार्यक्रम प्रधानमंत्री टी0बी0 मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टी0बी0 रोगियों को गोद लेकर पोषाहार वितरण का कार्यक्रम जनपद में निरंतर अग्रसर है इसी कड़ी में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ रोड हापुड़ पर वैश्य महिला सेवा समिति रजिस्टर्ड हापुड़ द्वारा 40 टी0बी0 रोगियों को गोद लिया गया सभी मरीजों को प्रोटीन युक्त पोषाहार जैसे चना, गुड़ उ, तिल, गजक, दलिया, सोयाबीन व प्रोटीन पाउडर आदि वितरित किया गया इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील कुमार त्यागी द्वारा सभी मरीजों को टी0बी0 की बीमारी के विषय में एवं मरीज के लिए प्रोटीन डाइट के महत्व के विषय



में बताया गया डॉ त्यागी ने बताया की टी0बी0 की बीमारी से व्यक्ति काफी कमजोर हो जाता है लेकिन दवाईयों के साथ-साथ यदि मरीज को अच्छा प्रोटीन युक्त भोजन दिया जाए जो उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है और मरीज जल्द से जल्द ठीक हो जाता है भारत सरकार के पास इस बीमारी की जांच एवं उपचार की सभी सुविधाएं निशुल्क उपलब्ध है एवं इलाज ले रहे सभी रोगियों को नि : क्षय पोषण योजना के अंतर्गत ₹1000 प्रति माह भारत सरकार द्वारा मरीज के अकाउंट में दिया जाता है साथ ही स्वयं सेवी संस्थाओं एवं अन्य संस्थाओं के द्वारा समय-समय पर रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया जाता है इस अवसर पर वैश्य महिला सेवा समिति रजि0 हापुड़ की संरक्षिका सुशीला अग्रवाल, संरक्षक नरेंद्र कुमार अग्रवाल जिला अध्यक्ष, अर्चना कंसल, जिला मंत्री पूनम गुप्ता, कोषाध्यक्ष अनीता, आभा त्यागी पत्नी डॉ सुनील कुमार त्यागी मुख्य चिकित्सा अधिकारी हापुड़,रीता, ममता अग्रवाल, रश्मि जिंदल, ममता अग्रवाल, द्वितीय व चारु अग्रवाल उपस्थित रहे स्वास्थ्य विभाग से चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर समरेंद्र राय, जिला कॉर्डिनेटर सुशील चौधरी, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक हसमत अली, लैब टेक्नीशियन वेदव्यास यादव एवं टी0बी0 एच वी राजकुमार सिंह उपस्थित रहें।

## भाजपाइयों ने पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्यतिथि मनाई

**नौगांवा सादात/अमरोहा (सब का सपना) शोसिंह सैनी:-** नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला अलीनगर में भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय महासंपर्क अभियान विभाग के जिला संयोजक पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी के कैंप कार्यालय पर राजस्थान के पूर्व राज्यपाल, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, परम रामभक्त , 'पद्म विभूषण', श्रद्धेय कल्याण सिंह 'बाबूजी' की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्या अर्पण कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी भाजपा नेता वीरेंद्र सिंह सैनी ने कार्यकताओं को बताया कि श्रद्धेय 'बाबूजी' असाधारण व्यक्तित्व के साथ अपने मूल्यों, आदर्शों पर सदैव अडिग रहे। अपनी प्रशासनिक दक्षता से उन्होंने देश और प्रदेश की राजनीति को नई



दिशा दी। कल्याण सिंह स्कूल में रहते हुए ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सदस्य बन गए थे 1967 में वे अतरौली विधानसभा से विधायक चुने गए उन्होंने भारतीय जन संघ ,भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय क्रांति पार्टी के सदस्य के रूप में कुछ निर्वाचन क्षेत्र से 9 और चुनाव जीते बाद में वह 1991 में पहली बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बने लेकिन बाबरी मस्जिद के विध्वंस के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया 1997 में दूसरी बार मुख्यमंत्री बने लेकिन 1999 में उनकी पार्टी ने उन्हें पद से हटा दिया और उन्होंने भाजपा छोड़कर अपनी अलग पार्टी बना ली सिंह ने 2004 में भाजपा में फिर से प्रवेश किया और बुलंदशहर से संसद सदस्य चुने गए उन्होंने 2009 में दूसरी बार भाजपा छोड़ दी और 2009 के भारतीय आम चुनाव में एटा से निर्दलीय के रूप में सफलतापूर्वक चुनाव लड़ा वह 2014 में फिर से भाजपा में शामिल हो गए और उन्हें राजस्थान का राज्यपाल नियुक्त किया गया उन्होंने 5 साल का कार्यकाल पूरा किया और 21 अगस्त 2021 को उनका लखनऊ में निधन हो गया हम सभी कार्यकर्ता उनकी पावन स्मृतियों को कोटि-कोटि नमन! करते हैं इस अवसर पर पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता इकराम सैफी, शहाबुद्दीन सैफी, इरशाद अली सैफी, शादाब अली, वेद प्रकाश जाटव, आस मोहम्मद, आसिफ अंसारी, वकील सैफी आदि मौजूद रहे

## दिल्ली हाई कोर्ट का फर्जी वेबसाइट्स और ऐप्स पर शिकंजा, प्रेमजी इन्वेस्ट के नाम पर ठगी रोकने का आदेश



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने फर्जी वेबसाइट्स, डोमेंस और मोबाइल एप्लिकेशंस को प्रेमजी इन्वेस्ट नाम और लोगो का इस्तेमाल करने से रोक दिया है। अदालत ने कहा कि इन फर्जी प्लेटफॉर्म्स द्वारा निवेशकों को गुमराह कर ठगी करने की आशंका है। इससे अजिम प्रेमजी फाउंडेशन और उसके निवेश समूह की साख को गंभीर नुकसान हो सकता है। न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की पीठ ने कहा कि प्रतिवादी पक्ष ने प्रेमजी शब्द का इस्तेमाल कर नकली वेबसाइट, ऐप और वाट्सएप ग्रुप बनाए व वरिष्ठ प्रबंधन के नाम और तस्वीरों का गलत उपयोग किया। यह मामला पीआई इंवेस्टमेंट एडवाइजरी एलएलपी की याचिका पर दायर हुआ था। कंपनी का कहना था कि कुछ अज्ञात लोग प्रेमजीएक्स(डॉट)कॉम और प्लैडैड गूगल डाट ओआरजी जैसे डोमेन नामों के जरिए जनता को निवेश के लिए लालच देकर ठगी कर रहे थे। अदालत ने तुरंत इन डोमेंस को लॉक और सस्पेंड करने का आदेश दिया। साथ ही, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और दूरसंचार विभाग को निर्देश दिया कि इंटरनेट सेवा प्रदाताओं के जरिए इन फर्जी वेबसाइटों और एप्लिकेशंस की पहुंच रोकें। कोर्ट ने गूगल को भी ऐसे नकली एप्प हटाने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि आगे भी यदि कोई नया फर्जी डोमेन या ऐप सामने आता है तो उसे तुरंत ब्लाक किया जाए, ताकि आम जनता को धोखे से बचाया जा सके।

## क्रॉप सर्वे में जान का खतरा, पंचायत सहायकों ने दी सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी

**बिजनौर (सब का सपना):-** जनपद के धामपुर क्षेत्र के पंचायत सहायकों ने क्रॉप सर्वे के दौरान अपनी जान पर मंडरा रहे खतरे को लेकर गंभीर चिंता जताई है। इस संबंध में उन्होंने खंड विकास अधिकारी अल्हैपुर मनवीर सिंह को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए सर्वे ड्यूटी से मुक्त करने की मांग की है। शिकायतकताओं में विशाल कुमार, नदीम, अंकित, शिवांगी, कविता राणा, गरिमा रानी, शीतल, नेहा रानी, दीपक, मंजू रानी, अंजलि चौहान, भावना सिंह, मोनिका गिरी, काजल कौशिक समेत कई पंचायत सहायक



शामिल हैं। उनका कहना है कि खेतों में सर्वे करते समय अक्सर जंगली जानवर और जहरीले सांप जैसी खतरनाक स्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं, जिससे उनकी जान जोखिम में रहती है। सहायकों ने उदाहरण देते हुए बताया कि स्योहारा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पालनपुर में एक सहायक सर्वे के दौरान मृत तेंदुए के पास पहुंच गया। यदि तेंदुआ जीवित होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। वहीं अलादीनपुर भोगी गांव में पंचायत सहायक शिवम कुमार के पैरों के पास से जहरीला सांप निकल गया। पंचायत सहायकों का आरोप है कि उन पर दबाव डालकर यह कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उन्हें इस खतरनाक ड्यूटी से मुक्त नहीं किया गया तो वे सामूहिक रूप से त्यागपत्र देने को मजबूर होंगे।

# इलाज के दौरान मासूम की मौत, एक्सपायरी इंजेक्शन लगाए जाने का आरोप

**बिजनौर (सब का सपना):-** सिविल लाइंस स्थित एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 6 माह के बच्चे की मौत हो गई। घटना से परिजनों में रोष फैल गया और उन्होंने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। जानकारी के अनुसार, नहटौर के हमीदपुर निवासी नितिन के पुत्र लवेश को डायरिया की शिकायत पर डॉक्टर ए के अग्रवाल के अस्पताल लाया गया था। डॉक्टर ने बच्चे में खून की कमी बताते हुए ब्लड चढ़ाने की सलाह दी। ब्लड चढ़ाने के दौरान ही बच्चे की तबीयत बिगड़ने लगी। इस



पर कंपाउंडर ने बच्चे को इंजेक्शन लगाया। आरोप है कि कंपाउंडर नशे की हालत में था और जिस इंजेक्शन का इस्तेमाल किया गया वह जून में ही एक्सपायर हो चुका था। स्थिति बिगड़ने पर बच्चे ने दम तोड़ दिया।



मौत की जानकारी मिलते ही परिजनों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रित किया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। एसपी सिटी संजीव वाजपेयी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।वहीं स्वास्थ्य विभाग को भी घटना की सूचना दे दी गई है। विभाग की एक टीम जांच के लिए अस्पताल पहुंच गई है। इस बीच जब डॉक्टर ए के अग्रवाल से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

## ऑर्गन डोनेशन पहल नहीं बल्कि हम सब की जिम्मेदारी...भारतीय क्रिकेट टीम के कोच गौतम गंभीर ने कहा




**नई दिल्ली।** बदलती जीवनशैली और खानपान की आदतों में परिवर्तन लिवर संबंधी बीमारियों की वजह बनते जा रहे हैं। फैटी लिवर, सिरोसिस, फाइब्रोसिस और लिवर कैंसर के खतरे बढ़ गए हैं। ऐसे में लिवर ट्रांसप्लांट कराने वालों की संख्या भी बढ़ी है। अकेले अपोलो हॉस्पिटल में अब तक 600 से अधिक बच्चों के लिवर ट्रांसप्लांट किए गए। हॉस्पिटल के ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर और सीनियर पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. अनुपम सिब्बल व सीनियर पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलाजिस्ट डॉ. स्मिता मल्होत्रा ने चुनिंदा जटिल मामलों को संकलित कर 'ट्रांसप्लांटिंग होप' पुस्तक का स्वरूप दिया। भारतीय क्रिकेट टीम के कोच व पूर्व सांसद गौतम गंभीर ने बृहस्पतिवार को इसका विमोचन करते हुए ऑर्गन डोनेशन के प्रति जागरूकता पर बल दिया। उन्होंने कहा आज भी बहुत से ट्रांसप्लांट इसलिए नहीं हो पा रहे क्योंकि डोनर ही नहीं हैं। ऑर्गन डोनेशन हर आम नागरिक की जिम्मेदारी है। हम किसी को एक नया जीवन दे सकते हैं।

## कुत्ता पकड़ने गई एमसीडी टीम पर हमले मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार महिला समेत छह को धर दबोचा



**बाहरी दिल्ली।** रोहिणी सेक्टर-16 व तीन में कुत्ते पकड़ने गई नगर निगम की टीम पर हमला व गाड़ी में तोड़फोड़ मामले में चार महिला समेत छह लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच करने के बाद इन सभी आरोपितों को पकड़ा है। रोहिणी जिला पुलिस अधिकारी के मुताबिक रोहिणी सेक्टर-16 व तीन में नगर निगम कर्मचारियों के साथ हुई हाथापाइ समेत गाड़ियों में तोड़फोड़ मामले में अभी तक कुल चार महिलाओं समेत सात लोगों को पकड़ा जा चुका है। मंगलवार को इस मामले में पकड़े गए युवक से पूछताछ में पता चला कि वह सेक्टर तीन रोहिणी स्थित अपनी दुकान के बाहर चार कुत्तों को खाना खिलाता था। वह नेहा नैयर द्वारा निर्मित रोहिणी कुत्ता प्रेमी नाम के एक वाट्सएप समूह का सदस्य भी है। 18 अगस्त को जब एमसीडी अधिकारियों की एक टीम एक कुत्ते को लेने उसकी दुकान पर पहुंची, तो उसने वाट्सएप समूह के अन्य सदस्यों को सूचित किया और लोकेशन शेयर की। इसके बाद समूह के सदस्य मौके पर पहुंचे और आवारा कुत्ते को एमसीडी अधिकारियों से छुड़ाया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि सभी आरोपितों को पाबंद किया गया है। इसके अलावा सीसीटीवी फुटेज से अन्य आरोपितों की पहचान की जा रही है। इन्हें पकड़ने के लिए टीम इनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस ने इस मामले में करीब 15 आरोपितों के खिलाफ धारा-221-(सरकारी काम में बाधा डालना) धारा-132 (सरकारी कर्मचारियों पर हमला करना) धारा-324 (4) (संपत्ति को नुकसान पहुंचाना) धारा-305 (सी) (वाहनों से कुछ सामान चोरी करना) धारा-3(5) (समूह में अपराध करना) के तहत मामला दर्ज किया है।

## एमसीडी सदन की कार्यवाही चढ़ी हंगामे की भेंट, निगम उपायुक्त पर भ्रष्टाचार के आरोपों पर एएपी ने किया शोर



**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में सदन की बैठक गुरुवार को शुरू होते ही हंगामे की भेंट चढ़ गई। नेता सदन प्रवेश वाही ने बैठक की शुरूआत में यूईआर-2 परियोजना के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 11 हजार करोड़ रुपये आवंटित करने पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया। इसके बाद पार्षद अनिल त्यागी को बोलने का मौका दिया गया, लेकिन विपक्ष ने तुरंत हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे की वजह एक दिन पहले पार्षद पंकज लूथरा द्वारा निगम उपायुक्त पर लगाए गए भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप थे। आम आदमी पार्टी (आप) के पार्षदों ने इन आरोपों को लेकर जोरदार विरोध जताया, जिससे सदन की कार्यवाही बाधित हो गई। वे हंगामा करते हुए सदन की कार्यवाही को रोकने पर आमादा हो गए थे। ऐसे में स्थिति तनावपूर्ण हो गई। इस बीच आप पार्षद उपायुक्त के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए जोरदार नारेबाजी करने लगे। हंगामा बढ़ता देख सदन की कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया।

## दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी के आए ईमेल, मच गया हड़कंप; खाली कराए गए कैंपस

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। गुरुवार को दिल्ली के स्कूलों को एक बार फिर उड़ाने की धमकी मिली है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के द्वारका सेक्टर-5 और प्रसाद नगर समेत छह स्कूलों को ईमेल भेजकर बम की धमकी मिली दी गई है। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस और अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचे हैं। एहतियात के तौर पर स्कूल परिसर को खाली करा दिया गया है। बच्चों को वापस घर भेज दिया गया है। दिल्ली अग्निशमन विभाग के मुताबिक, अलग-अलग जगहों पर स्कूल में बम की धमकी की जानकारी मिली है। इसके बाद से ही दिल्ली पुलिस और फायर की टीम मौके पर मौजूद हैं। पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने तलाश अभियान शुरू कर दिया है। प्रसाद नगर स्थित आंध्र एजुकेशन सोसाइटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द्वारका सेक्टर 5 स्थित बीजीएस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, छावला स्थित राव मान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द्वारका सेक्टर 1 स्थित मैक्सफोर्ट स्कूल और द्वारका सेक्टर 10 स्थित इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल सहित छह स्कूलों को आज बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले बुधवार को दिल्ली के 55 से ज्यादा स्कूलों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। इनमें द्वारका स्थित राहुल मॉडल स्कूल और मैक्सफोर्ट स्कूल, मालवीय नगर स्थित एसकेवी और प्रसाद नगर स्थित आंध्रा स्कूल शामिल हैं। पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने तलाश अभियान शुरू किया।

## हरियाणा के किसानों के लिए जरूरी खबर, ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल की तिथी बढ़ी



हरियाणाः हरियाणा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल 31 अगस्त तक खुला रखने का निर्णय लिया है,ताकि अत्याधिक बारिश के चलते बाढ़ की स्थिति से प्रभावित प्रदेश के 7 जिलों के 188 गांवों के किसान फसल क्षति के दावे दर्ज कर सकें। इस संबंध में जानकारी देते हुए विभाग के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि बुधवार शाम को जिला उपायुक्तों से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, हिसार के 85 गांव प्रभावित हैं, इसके बाद भिवानी के 43, रोहतक के 21 और पलवल के 17 गांव शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, चरखी दादरी के 13 गांव, रेवाड़ी के 7 गांव और सिरसा के 2 गांवों के लिए भी पोर्टल उपलब्ध कराया गया है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि जिला राजस्व अधिकारी/अधिकारियों द्वारा ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर प्राप्त दावों का सत्यापन किया जाएगा और आंकलन के आधार पर निर्धारित मानकों के अनुसार मुआवजा जारी किया जाएगा। प्रवक्ता ने किसानों से अपील की कि वे अपनी फसल क्षति का पंजीकरण जल्द से जल्द कराएं।

## जींद में IMT को लेकर किसानों में रोष, सरकार की भूमि खरीद नीति पर सवाल

जींद : हरियाणा सरकार द्वारा जींद जिले में प्रस्तावित इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (IMT) को लेकर किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिल रही है। सरकार ने राज्य में 6 क्ट्ळ स्थापित करने की घोषणा की है, जिनमें से एक जींद में बनाया जाएगा। इसके लिए कुल 35,000 एकड़ जमीन की आवश्यकता है, जिसमें से जींद IMT के लिए 12,000 एकड़ जमीन चाहिए। यह जमीन जींद के 12 गांवों अमरावली खेड़ा, अलेवा, ढाठरथ, ढिल्लूवाला, जामनी, हसनपुर, खरक गादियां, खांडा, मांडी खुर्द, नगूरां, मोहम्मद खेड़ा और गोहियां से ली जानी है।

किसानों का कहना है कि उनकी जमीन उपजाऊ है और वे इसे औद्योगिक उपयोग के लिए नहीं देना चाहते। उनका तर्क है कि IMT बंजर या कम उपजाऊ क्षेत्रों में बनाया जाना चाहिए। कुछ किसानों का आरोप है कि सरकार उनकी जमीन बड़े उद्योगपतियों को सौंपना चाहती है। एक किसान ने कहा, "हमारी जमीन हमारी माँ है, हम इसे नहीं देंगे।"

सरकार की नीति और किसानों की मांग प्रदेश सरकार ने किसानों के विरोध को देखते हुए जबरन अधिग्रहण की बजाय स्वैच्छिक भूमि खरीद नीति अपनाई है। हरियाणा राज्य औद्योगिक विकास निगम (HSIIDC) के ई-भूमि पोर्टल पर इच्छुक किसान 31 अगस्त तक अपनी जमीन का पंजीकरण कर सकते हैं और अपनी मर्जी से रेट तय कर सकते हैं। सरकारी अधिकारी कलेक्टर रेट और बाजार मूल्य के आधार पर मोलभाव करेंगे।हालांकि, जींद के मोहम्मद खेड़ा गांव के निवासी और वकील सुनील कार्ल, जिनके परिवार के पास 40 एकड़ से अधिक जमीन है, ने IMT को जींद के विकास के लिए सकारात्मक कदम



बताया। पंजाब केसरी से बातचीत में सुनील ने कहा, "IMT का निर्णय अच्छा है। यहाँ का क्षेत्र नेशनल हाइवे से जुड़ा है और चंडीगढ़ व दिल्ली से केवल दो घंटे की दूरी पर है।" लेकिन उन्होंने सरकार से नीति में स्पष्टता की मांग की। सुनील ने पूछा, "अगर कोई किसान प्रति एकड़ 5 या 8 करोड़ मांगता है, तो क्या सरकार उस रेट पर जमीन खरीदेगी? साथ ही, क्या IMT में किसानों के लिए नौकरी या अन्य आरक्षण होगा?"कानूनी विवाद और विरोध IMT के लिए भूमि खरीद नीति को लेकर मामला अब पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट में पहुँच गया है। जींद के अलेवा गांव के किसान सुरेश कुमार ने इस नीति को रद्द करने की मांग करते हुए याचिका दायर की है। कोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है, और इस मामले की सुनवाई 23 सितंबर को होगी।

सुनील कार्ल ने बताया कि कुछ किसानों को नीति की पूरी जानकारी नहीं है,

और कुछ बाहरी लोग विरोध को भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा, "IMT से युवाओं को रोजगार मिलेगा और जींद का विकास होगा।" फिर भी, कई गांवों में IMT के खिलाफ विरोध प्रदर्शन जारी हैं।किसानों का यह आंदोलन और हाई कोर्ट में चल रहा मामला सरकार के लिए चुनौती बन सकता है। अब सभी की नजर 23 सितंबर की सुनवाई पर टिकी है।

## करोड़ों की जमीन हड़पने के लिए गजब की टेक्निक, 12 एकड़ जमीन को हड़पने के लिए एक दो नहीं बने 10 नकली मदनमोहन

सोनीपत : सोनीपत में हैरान और परेशान करने वाला मामला सामने आया है । करोड़ों की जमीन हड़पने के लिए एक दो नहीं बल्कि 10 नकली मदन मोहन बने। सोनीपत के दिल्ली रोड पर गांव सुल्तानपुर के रकबे में स्थित 12 एकड़ जमीन को बेचने के मामले में सोनीपत एंटी करप्शन ब्यूरोक टीम ने 10 वे नकली मदनमोहन और उसके साथी को गिरफ्तार किया है । आरोपी राजेश जैन दिल्ली और राजेश कुमार गोहाना का रहने वाला हैं। यह जमीन पंजाब के अमृतसर के रहने वाले मदनमोहन की थी,जिसकी मृत्यु हो चुकी है। इस जमीन को हड़पने व आगे बेचने के लिए 10 नकली मदनमोहन सामने आ चुके हैं। इस मामले में नौ फर्जी मदनमोहन एसीबी पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब इस 10वें नकली मदनमोहन को पकड़ा गया है। दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। एसीबी की टीम एक अन्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

बता दे कि सोनीपत के सुल्तानपुर गांव की 12 एकड़ जमीन अमृतसर के रहने वाले मदनमोहन के नाम थी। उनकी मृत्यु के बाद उनके बेटे नरेंद्र अग्रवाल को भी नहीं पता था उनकी जमीन सोनीपत में है। इस कारण इस जमीन को हड़पने के लिए नकली मदनमोहन बनकर लोग सामने आने लगे और कइयों ने तो जमीन के मालिकाना हक के दस्तावेज भी पेशकरते हुए इसे अन्य लोगों को बेच दिया।

एसीबी ने जनवरी, 2021 में इस मामले में कई आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया था। तब से एसीबी मदनमोहन बने नौ फर्जी आरोपित को गिरफ्तार कर चुकी थी, ये सभी जेल में है। अब एसीबी ने दिल्ली के चांदनी चौक के राजेश जैन पुत्र ताराचंद जैन और राजेश कुमार को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर दो दिन के डिमांड पर लिया गया है।

एसीबी की टीम मामले को लेकर जांच कर रही है। बहालगढ़ रोड पर स्थित सुल्तानपुर गांव के रकबे की 12 एकड़ जमीन पर अब खेती हो रही है।

## 3 बीजेपी पदाधिकारियों समेत 5 पर एफआईआर, एडवोकेट पर अभद्र टिप्पणियां करने का आरोप... देशद्रोह आरोपी का लिया था केस

फतेहाबाद : फतेहाबाद में सीएम नायब सैनी के आगमन से पहले तीन बीजेपी पदाधिकारियों व दो समर्थकों पर एफआईआर दर्ज हुई है। सीजेएम सुयशा जावा की कोर्ट के आदेश पर यह एफआईआर हुई है। हालांकि, एफआईआर दर्ज करने में साइबर थाना पुलिस ने एक सप्ताह का समय लगा दिया है। कोर्ट ने यह आदेश जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एडवोकेट विनय शर्मा की शिकायत पर दिए थे। विनय शर्मा ने इन बीजेपी पदाधिकारियों व समर्थकों के खिलाफ एसपी को शिकायत दी थी।विनय शर्मा का आरोप था कि देशद्रोह के आरोपी ताज मोहम्मद का केस लेने के बाद इन बीजेपी कार्यकताओं ने उनके खिलाफ अभद्र टिप्पणियां की। उन्हें सेटिंग बाज कहा गया। इसके अतिरिक्त भी काफी भली-बुरी बातें फेसबुक पर लिखा गया।साइबर थाना पुलिस ने बीजेपी के जिला कार्यकारिणी सदस्य धनंजय अग्रवाल, किसान मोर्चा के जिला सचिव लायक राम गढ़वाल, सीए प्रकोष्ठ के जिला प्रमुख सीए ललित जग्गा और बीजेपी समर्थक सज्जन गोदारा व दीपक सोनी के खिलाफ इठर की धारा 196 (1), 197 (1), 391 (2), 356 (2) और 46 के तहत एफआईआर दर्ज की है। धनंजय अग्रवाल को इसी महीने कार्यकारिणी के विस्तार के दौरान जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।दरअसल, 10 मई को भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर की घोषणा होने के बाद फतेहाबाद के हड्डी रोग विशेषज्ञ मुश्ताक अहमद उर्फ डॉ. ताज मोहम्मद ने अपने फेसबुक अकाउंट पर 3 वीडियो डाली थीं, जिसमें पीएम मोदी को बड़ी गलती करने और पाकिस्तान की जीत को दिखाया गया। इस मामले में फतेहाबाद भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जगदीश राय शर्मा, मंडल अध्यक्ष विकास शर्मा और मंडल उपाध्यक्ष परमजीत बेनीवाल ने शहर थाना पुलिस को शिकायत दी। उनकी शिकायत पर पुलिस ने ताज मोहम्मद पर देशद्रोह की धारा में केस दर्ज कर लिया। ताज मोहम्मद का केस एडवोकेट विनय शर्मा लड़ रहे हैं।

## हरियाणा में लापरवाही ने ले ली छात्र की जान, ड्राइवर की एक गलती पड़ गई भारी


पलवल : पलवल,कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत रेलवे रोड पर एक स्कूल की बस ने एक छात्र को कुचल दिया। हादसे में गंभीर रूप से घायल छात्र की मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल पलवल भिजवाया। सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर से दिखाई दे रहा है की रेलवे रोड पर गलत तरीके से खड़े एक कैंटर एवं तेज रफ्तार जा रही स्कूल बस की वजह से छात्र की जान चली गई। एकाएक सड़क पर कैंटर को खड़ा देख छात्र ने संभलने का प्रयास किया पर पीछे से तेज गति से



आ रही स्कूल बस ने उसे बचने का मौका ही नहीं दिया। कैंप थाना प्रभारी कृष्ण गोपाल ने बताया कि पलवल की कैलाश नगर कॉलोनी निवासी हरिचंद ने अपनी शिकायत में बताया कि उसका पोता गौरव जो 11वीं कक्षा में पलवल के सेक्टर दो स्थित एसपीएस स्कूल में पड़ता है वह रेलवे रोड पर जा रहा था की पलवल रेलवे स्टेशन पर स्थित शांति पब्लिक स्कूल की बस के चालक ने बस को लापरवाही से चलाते हुए उसे टक्कर मार दी।

इस हादसे में गंभीर रूप से घायल गौरव को जब नागरिक अस्पताल पलवल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्यवाही की पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जल्दी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## हरियाणा के इस जिले में डॉक्टर्स का हंगामा, 12 घंटे की हड़ताल से स्वास्थ्य सेवाएं ठप



यमुनानगर : यमुनानगर में प्राइवेट अस्पतालों के डॉक्टर्स ने शुक्रवार को 12 घंटे की हड़ताल कर प्रशासन के खिलाफ कड़ा विरोध जताया। आरोप है कि आयुष्मान कार्ड के मरीजों की जांच करने आई रेड टीम के डॉक्टर्स ने एक महिला डॉक्टर के साथ अभद्र व्यवहार किया। इस घटना से नाराज प्राइवेट अस्पताल संचालकों और डॉक्टर्स ने काले पट्टे पहनकर विरोध दर्ज कराया और बड़ी संख्या में जिला सचिवालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। डॉक्टर प्रियंका गर्ग ने आरोप लगाया कि जब रेड टीम में मौजूद डॉक्टर जांच के लिए अस्पताल पहुंचे तो उन्होंने मेरे से पूछा कि आप डॉक्टर हैं मेरे बताने पर उन्होंने मुझे मेरे कमरे से ही बाहर जाने के लिए कह दिया। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल संचालक होने के नाते वह मुझे किस तरह से हॉस्पिटल से बाहर जाने के लिए कह सकते हैं। उन्होंने कहा कि इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के आह्वान पर उनका हॉस्पिटल आयुष्मान कार्ड धारकों का इलाज नहीं कर रहा है लेकिन उसके बावजूद भी कर पेशेंट जिनके आयुष्मान कार्ड बने हुए हैं उन्होंने अपनी सहमति से और अपने खर्चे पर इलाज करवाने के लिए कंसर्न लेटर दिया है। डॉक्टर ने आरोप लगाया कि उन्होंने हमारे पेशेंट को भी बरगलाने का काम किया है।

## लालच की हदें पार! डिपो होल्डरों से मांगी 7100 रूपए मंथली, ऐसे किए गए इंस्पेक्टर व डिपो प्रधान गिरफ्तार




यमुनानगर : सरकारी दफ्तर में बैठकर मोटी सैलरी लेने के बावजूद भी अधिकारी बिना पैसे के तो काम करने को तैयार नहीं होते लेकिन कुछ ऐसे भी है जो खुद तो सैलरी लेते हैं लेकिन दूसरे की मेहनत पर भी डाका डालने से गुरेज नहीं करते ऐसे ही यमुनानगर के खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर में एक मीटिंग कर जिले के सभी डिपो होल्डर से 7100 रुपए मंथली और 500 15 अगस्त को के लड्डुओं के मांगे थे। आरोप है कि एएफएसओ और इंस्पेक्टर के नेतृत्व में मीटिंग हुई थी और इस मीटिंग में सभी डिपो होल्डर को एकत्रित कर मंथली तय की गई थी जिसमें एक क्विंटल गेहूं के पीछे 10 की कमीशन भी तय की गई थी और खर्चे अलग कुल मिलाकर 7100 डिपू संचालकों से मांगे गए थे और पैसे एकत्रित करने का जिम्मा डिपो प्रधान गुलाब सिंह को सौपा था । हालांकि इस मामले में ज्यादातर डिपो होल्डरों ने अपने हिस्से के पैसे विभाग तक पहुंचा दिए थे लेकिन इस मामले में बिलासपुर के एक डिपो होल्डर नितिन ने इसकी शिकायत डीएफएससी से की, तो वहां से शिकायतकर्ता को जलील होकर वापस लौटना पड़ा। हालांकि शिकायत करता ने उसे मीटिंग को अपने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया था और इस रिकॉर्डिंग को लेकर शिकायतकर्ता नितिन विजिलेंस कार्यालय में पहुंच गया नितिन द्वारा इंस्पेक्टर को पैसे ना देने पर उसको डिपो सस्पेंड करने की धमकी इंस्पेक्टर द्वारा दी गई थी । इस पूरे मामले में विजीलेंस ने एक टीम तैयार कर पूरा जाल बिशा दिया जैसे ही 7100 लेने के लिए इंस्पेक्टर राजेश यादव और गुलाब सिंह मौके पर पहुंचे तो विजिलेंस ने गुलाब सिंह को तो दबोच लिया लेकिन मौके से खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर राजेश यादव मौके से फरार हो गया। फिलहाल विजिलेंस की टीम ने गुलाब सिंह से 7100 बरामद कर उसे गिरफ्तार कर लिया जबकि विजिलेंस का कहना है कि जल्द ही राजेश यादव को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा हालांकि इस पूरे मामले में कौन-कौन अधिकारी लिप्त है जांच के दौरान जो भी सामने आएगा उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## ट्रेन में सफर करने वालों के लिए जरूरी खबर, हरियाणा से गुजरने वाली ये 8 ट्रेनें रद्द

हरियाणा : यदि आप ट्रेन में सफर करते हैं तो ये खबर आपके लिए बहुत जरूरी है। बीकानेर रेल मंडल के चुरू-आसलू रेलखंड पर चल रहे निर्माण कार्य के चलते कई ट्रेनों की सेवाएं प्रभावित हुई हैं। रोड अंडर ब्रिज (फ्व्इ) के निर्माण के चलते रेलवे ने कई ट्रेनों को रद्द किया गया है, जबकि कई ट्रेनों के रुट बदलें गए हैं। निर्माण कार्य के चलते हरियाणा से गुजरने वाली ट्रेनों पर भी पड़ेगा, जिसके कारण 12 ट्रेनें प्रभावित होंगी। इनमें से 8 ट्रेनों को आंशिक रूप से रद्द कर दिया गया है, जबकि 2 ट्रेनों का मार्ग बदल दिया गया है और 2 को री-शेड्यूल किया गया है। ट्रेन संख्या 54789 : रेवाड़ी से बीकानेर जाने वाली यह सवारी गाड़ी 28 अगस्त को रेवाड़ी से चलेगी, लेकिन सादुलपुर तक ही जाएगी। इसका सादुलपुर से बीकानेर के बीच का सफर रद्द रहेगा।

ट्रेन संख्या 54790 : बीकानेर से रेवाड़ी आने वाली यह सवारी गाड़ी 28 अगस्त को बीकानेर के बजाय सादुलपुर से ही चलेगी। इस ट्रेन का बीकानेर से सादुलपुर के बीच का रूट रद्द रहेगा। ट्रेन संख्या 14891 : जोधपुर से हिसार जाने वाली यह ट्रेन 28 अगस्त को जोधपुर से चलेगी, लेकिन यह चूरू तक ही जाएगी। इसका चूरू से हिसार के बीच का सफर रद्द कर दिया गया है। ट्रेन संख्या 14892: हिसार से जोधपुर जाने वाली यह ट्रेन 29 अगस्त को हिसार के बजाय चूरू से अपनी यात्रा शुरू करेगी। यह ट्रेन हिसार और चूरू के बीच नहीं चलेगी। ट्रेन संख्या 14897: बीकानेर से हिसार के बीच चलने वाली यह ट्रेन 28 अगस्त को बीकानेर से शुरू होकर चूरू तक ही जाएगी। इसका चूरू से हिसार के बीच का सफर रद्द रहेगा।

## 'चैलेंज तो सामने आकर होता है', लॉरेंस गैंग की धमकी पर बोले कृषि मंत्री

यमुनानगर : कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा गुरुवार को यमुनानगर के विभिन्न इलाकों में पहुंचे और उन्होंने बाढ़ एवं वर्षा से प्रभावित लोगों से बातचीत की। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा सरकार विधानसभा सत्र के लिए पूरी तरह तैयार है, जो भी सवाल आएंगे सरकार उनका जवाब देगी। वहीं एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हरियाणा में विपक्ष होना चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य यहां विपक्ष नाम की कोई चीज नहीं है। श्याम सिंह राणा ने कहा कि सरकार अंतिम व्यक्ति तक विकास को पहुंचाना चाहती है,



इसलिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आदेश दिए हैं कि विधायक और मंत्री अपने-अपने इलाके में रहे, लोगों को जो भी दिक्कत है उन्हें दूर किया जाए। इसके लिए जो भी जरूरी प्रोजेक्ट बनाने हैं, वह उनके पास लाए, उनकी मंजूरी मिलेगी। धमकी देने वाले पर कार्रवाई की जाएगी- कृषि मंत्री कृषि मंत्री ने मनीष हत्याकांड को लेकर गैंगस्टर द्वारा दी गई धमकी के सवाल के जवाब में कहा कि इस तरह 7 समुंदर दूर बैठकर और मोबाइल पर धमकी देना सही नहीं है। धमकी तो वह होती है जो सामने दी जाए और उसका मुकाबला हो।

अगर इस तरह की कोई भी धमकी आती है तो सरकार इसकी जांच कर कार्रवाई करेगी। महिला के जर्जर मकान में गए कृषि मंत्री वहीं श्याम सिंह राणा एक महिला का जर्जर मकान का जायजा लेने गए। महिला ने बताया कि वह काफी दिन से परेशान हैं क्योंकि उसका मकान गिरने वाला है। इसकी कई बार शिकायत भी दी लेकिन कोई समधान नहीं हुआ। इस पर कृषि मंत्री ने कहा कि उनकी मदद की जाएगी।

## पलवल में पड़ोसियों ने गोली मारकर की अग्निवीर की हत्या: छुट्टी पर घर आया था जवान

हरियाणा : हरियाणा के पलवल जिले के मांदकौल गांव में भारतीय सेना के एक जवान बलदेव (21) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बलदेव 2024 में अग्निवीर के रूप में भारतीय सेना में भर्ती हुआ था और बुधवार, 20 अगस्त को ही छुट्टी पर घर आया था।

घटना की पूरी जानकारी

परिजनों के अनुसार, बलदेव रात को खाना खाने के बाद खेत पर बने कमरे में सोने गया था। 20-21 अगस्त की रात अज्ञात हमलावरों ने खेत में पहुंचकर उसके सिर में गोली मार दी। अगले दिन सुबह जब परिजन खेत पहुंचे तो उन्होंने बलदेव का लहूलुहान शव कमरे में पड़ा हुआ पाया। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए।

परिवार का आरोपः पड़ोसी बना रहे थे केस वापस लेने का दबाव

मृतक के पिता खेमचंद शर्मा ने बताया कि गांव के पड़ोसी बंशी, अरुण, नरेश, राजेंद्र और कुछ अन्य लोग



पहले से दुश्मनी रखते थे। इन लोगों ने पिछले महीने 16 तारीख को बलदेव के चाचा बिशन शर्मा पर भी हमला किया था और उनसे 20,000 लूट लिए थे। उस हमले की शिकायत भी बघौला पुलिस को दी गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद से आरोपी परिवार पर केस वापस लेने का दबाव बना रहे थे और जान से मारने की धमकियां दे रहे थे। खेमचंद का कहना है कि बलदेव को भी गांव आने से पहले फोन पर धमकाया गया था।

मामले की जांच की लिए बनाई गई दो टीमें गठितः पुलिस

पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर चार नामजद आरोपियों और कुछ अन्य के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। गदपुरी थाना प्रभारी अश्विनी कुमार ने बताया कि दो टीमें बनाई गई हैं। एक टीम पोस्टमॉर्टम और कानूनी कार्रवाई में लगी है। दूसरी टीम आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सैनिकों के सम्मान में इस शहर में बनाया 'ऑपरेशन सिंदूर पार्क', डीजीपी ने पौधा रोपकर किया सैल्यूट

करनाल : देश की सरहद पर दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देने वाले जांबाज सैनिकों को सम्मान देने के लिए राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान (ठऊफ्क), करनाल ने एक अनोखी पहल की है। यहां सैनिकों की बहादुरी और शौर्य को नमन करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर पार्क' विकसित किया गया है। इस पार्क को महिलाओं के सुहाग और सौभाग्य के प्रतीक माने जाने वाले सिंदूर के पौधों से सजाया जा रहा है। इस पार्क का शुभारंभ हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (DGP) शत्रुजीत कपूर ने किया। उन्होंने पहला सिंदूर का पौधा रोपकर सैनिकों के शौर्य को सैल्यूट किया। NDRI प्रशासन ने बताया कि आने वाले समय में इस पूरे पार्क में सैकड़ों सिंदूर के पौधे लगाए जाएंगे।

ऑपरेशन सिंदूर का नामकरण

NDRI के निदेशक डॉ. धीर सिंह ने बताया कि पहलगाम में हुई आतंकी घटना के बाद भारतीय सैनिकों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई को "ऑपरेशन सिंदूर" नाम दिया गया था। इस ऑपरेशन ने भारतीय सेना की ताकत को विश्व स्तर पर स्थापित किया। उसी बहादुरी को सलाम करने के लिए संस्थान में यह पार्क तैयार किया गया है।शुभ माना जाता है यह पौधा मान्यताओं के अनुसार, घर में सिंदूर का पौधा लगाना शुभ माना जाता है। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और परिवार में शांति बनी रहती है। यह पौधा वास्तु शास्त्र के लिहाज से भी सकारात्मक ऊर्जा देने वाला माना जाता है। क्या है सिंदूर का पौधा?सिंदूर का पौधा विक्सा ओरेलाना (Bixa Orellana) के नाम से जाना जाता है। इस पर गुच्छों में छोटे-छोटे हरे फल लगते हैं, जो पकने पर लाल हो जाते हैं। इन्हें सुखाकर पाउडर बनाया जाता है, जिसे सिंदूर कहा जाता है। भारत में यह पौधा मुख्यतः उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में मिलता है, जबकि इसकी अधिकता दक्षिण और मध्य अमेरिका में पाई जाती है।

## चंडीगढ़ देश के मॉडल शहर के रूप में होगा विकसित:निशांत यादव

चंडीगढ़ ; पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री ने उद्योग विभाग चंडीगढ़ के सहयोग से चंडीगढ़ में एमएसएमई कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत पहला कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग जगत को भारत सरकार द्वारा प्रवर्तित विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं से अवगत कराना और एमएसएमई को अगले स्तर तक ले जाने में सहायता प्रदान करना था।

इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पधारे उद्योग विभाग चंडीगढ़ के सचिव आईएएस निशांत कुमार यादव ने बताया कि चंडीगढ़ में इस समय 55,000 एमएसएमई पंजीकृत हैं,जबकि चंडीगढ़ से संचालित कुल लगभग एक लाख एमएसएमई होने चाहिए, जो एक बड़ी संख्या है। उन्होंने कहा कि उद्योग विभाग हर महीने विभिन्न विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा और एमएसएमई को इन पहलों से लाभ उठाना चाहिए।

पीएचडीसीसीआई के चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष मधु सूदन विज ने बताया कि एमएसएमई क्षेत्र भारत के औद्योगिक परिदृश्य की रीढ़ है और भारत सरकार ने एमएसएमई को मजबूत बनाने, उनकी



प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने और वैश्विक मूल्य

उद्योग जगत का दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हुए, पीएचडीसीसीआई के चंडीगढ़ चैप्टर के सह-अध्यक्ष सुव्रत खन्ना ने बताया कि रैंप योजना बहुत ही महत्वपूर्ण समय पर आई है। एमएसएमई आज कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

चैंबर की एमएसएमई समिति के क्षेत्रीय संयोजक लोकेश जैन ने एमएसईएफसी सुविधा डेस्क के बारे में जानकारी दी। पर्व अरोड़ा, संयोजक, विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा समिति, पीएचडीसीसीआई ने बताया कि कैसे एमएसएमई सौर ऊर्जा संयंत्र लगाकर अपने ऊर्जा व्यय को कम कर सकते हैं। सौर ऊर्जा संयंत्र की लागत चार वर्षों के भीतर वसूल हो जाती है और सौर ऊर्जा संयंत्र का जीवनकाल 25 वर्ष का होता है। पीएचडी चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री की क्षेत्रीय निदेशक सुश्री भारती सूद ने बताया कि रैंप योजना एमएसएमई के सामने आने वाली कई चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक व्यापक ढांचा प्रदान करती है। यह बाजार पहुंच में सुधार, डिजिटल अपनाने को प्रोत्साहित करने, गुणवत्ता और मानकों को बढ़ावा देने और कौशल पहलों का समर्थन करने पर जोर देती है। इस अवसर पर शिव शंकर, सह संयोजक, क्षेत्रीय बैंकिंग और वित्तीय सेवाएं, दीपक शर्मा, प्रशिक्षक जेम,टी.एच.आर. समद, डीजीएम, सिडबी, डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ अखिल, एसबीआई के एजीएम विवेक मित्तल ने अलग-अलग विषयों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए।

# रोहित शर्मा क्रिकेट के मैदान पर वापसी को बेकरार, इस टीम के खिलाफ जलवा बिखेरते आ सकते हैं नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब टीम इंडिया को दिलाने वाले कप्तान रोहित शर्मा की नीली जर्सी में वापसी का बेसब्री से इंतजार क्रिकेट प्रेमियों को है। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद से रोहित शर्मा ने कोई भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। लेकिन अब उनकी टीम इंडिया में वापसी की संभावना ऑस्ट्रेलिया दौरे (19 अक्टूबर से) के दौरान दिखाई दे रही है। हालांकि, रोहित शर्मा इस दौरे से पहले ही एक खास सीरीज में हिस्सा लेने की इच्छा जता चुके हैं, जो कानपुर में खेली जाएगी।

**ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ खेलने की इच्छा**

टीम इंडिया का ऑस्ट्रेलिया दौरा 19 अक्टूबर से शुरू हो रहा है, जिसमें भारतीय टीम 3 वनडे और 5 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। इस वनडे सीरीज के लिए टीम में रोहित शर्मा और विराट कोहली के शामिल होने की संभावना है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ कानपुर में होने वाली अनऑफिशियल वनडे सीरीज में खेलने की इच्छा जताई है। ऑस्ट्रेलिया-ए सितंबर में भारत दौरे पर आएगी, जहां वे भारत-ए टीम के साथ दो अनऑफिशियल टेस्ट और तीन वनडे मैच खेलेगी। दोनों टेस्ट मैच लखनऊ में आयोजित होंगे, जबकि तीनों वनडे मैच कानपुर में खेले जाएंगे।

**विजय हजारे ट्रॉफी में भी खेलेंगे रोहित?**

रिपोर्ट्स में यह भी बताया गया है कि रोहित शर्मा इस अनऑफिशियल वनडे सीरीज में खेलने के इच्छुक हैं ताकि वे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए अच्छी तैयारी कर सकें। इसके अलावा खबरें हैं कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज उनके वनडे करियर की आखिरी सीरीज हो सकती है। बीसीसीआई रोहित को दिसंबर 2025 में शुरू होने वाली विजय हजारे ट्रॉफी में खेलने के लिए भी प्रोत्साहित कर सकता है, ताकि वे वनडे टीम में अपनी जगह बनाए रखें।

**वनडे में रोहित शर्मा का शानदार रिकॉर्ड**

टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा का वनडे रिकॉर्ड बेहद प्रभावशाली है। अब तक उन्होंने 273 वनडे मैच खेले हैं, जिनमें 265 पारियों में 48.76 की औसत से 11,168 रन बनाए हैं। इसमें उनके 32



शतक और 58 अर्धशतक शामिल हैं। रोहित का सर्वश्रेष्ठ स्कोर 264 रन है, जो वनडे इतिहास के सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर में से एक है।

## पृथ्वी शॉ ने बुची बाबू में ठोका शतक, चेन्नई से खास कनेक्शन का किया खुलासा




**मुम्बई (एजेंसी)।** पृथ्वी शॉ ने प्रतिष्ठित बुची बाबू ट्रॉफी में महाराष्ट्र के लिए अपने पहले मैच में शतक जड़कर बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने चेन्नई के आईसी गुरुनानक कॉलेज ग्राउंड में यह उपलब्धि हासिल की और शहर के साथ अपने खास रिश्ते को याद किया। 2018 में अपने पहले टेस्ट शतक के बाद 25 वर्षीय इस खिलाड़ी का करियर असंगत प्रदर्शन, अनुशासनात्मक मुद्दों और फिटनेस संबंधी चिंताओं के कारण पटरी से उतर गया है।

इस साल की शुरुआत में मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) ने उन्हें अपनी रणजी टीम से बाहर कर दिया था जिसके बाद शॉ को एक नई शुरुआत की तलाश में महाराष्ट्र जाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) लेना पड़ा। महाराष्ट्र के लिए अपने पहले मैच में पृथ्वी शॉ ने चेन्नई के आईसी गुरु नानक कॉलेज ग्राउंड में छत्तीसगढ़ के खिलाफ 141 गेंदों पर 111 रनों की पारी खेली जिससे उनकी नई टीम को संघर्ष करने का मौका मिला। छत्तीसगढ़ के 252 रनों के जवाब में महाराष्ट्र 217 रन ही बना सका।

चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) द्वारा सोशल मीडिया पर जारी एक वीडियो में शॉ ने खुलासा किया कि IPL 2019 में पहली बार चेन्नई में कदम रखने के बाद से ही यह उनके दिल के बहुत करीब रहा है। शॉ ने कहा, 'चेन्नई में गर्मी जरूर है, लेकिन यह वाकई बहुत अच्छा लगता है क्योंकि मैंने यहां हमेशा रन बनाए हैं। मुझे लगता है कि चेन्नई मेरे लिए काफी खास है। चेन्नई में खेलने का मेरा पहला अनुभव शायद IPL 2019 के दौरान था। हम चेपाक में खेले थे। वाकई बहुत अच्छा अनुभव था।'

इतना ही नहीं शॉ ने कहा कि वह महाराष्ट्र के लिए, ज्यादा से ज्यादा रन बनाना चाहते हैं, क्योंकि टीम ने उन्हें वापसी का मौका दिया है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि (बुची बाबू में खेलना) वाकई एक अच्छा अनुभव है। एक शानदार टूर्नामेंट। रणजी सीजन से पहले, ऐसा होता है। मैंने अभी अपना पहला मैच खेला है और यह एक अच्छा अनुभव है क्योंकि रणजी सीजन शुरू होने से पहले आपको बहुत अच्छा अभ्यास मिलता है। महाराष्ट्र के लिए यह मेरा पहला मैच है, शतक लगाना वाकई खास लगता है। मुझे उम्मीद है कि रणजी ट्रॉफी और आने वाले मैचों तक यह सिलसिला जारी रहेगा।'

## बीसीसीआई ने चयन समिति के प्रमुख अगरकर का अनुबंध एक साल बढ़ाया

**मुम्बई (एजेंसी)।** एशिया कप के लिए भारतीय टीम के चयन के बाद ही बीसीसीआई ने मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का अनुबंध जून 2026 तक बढ़ा दिया है। अगरकर के चयन समिति प्रमुख बनने के बाद भारतीय टीम ने भारत ने 2024 में टी20 विश्व कप और इस साल की शुरुआत में चैंपियंस ट्रॉफी जीतकर आईसीसी ट्रॉफी जीती थी। अगरकर के कार्यकाल में ही भारतीय टेस्ट टीम भी बेहतर हुई है और उसने साल 2023 विश्व कप के फाइनल में स्थान बनाया था। इन सभी उपलब्धियों को देखते हुए ही अगरकर का अंनुबंध बढ़ाया गया है।



एक रिपोर्ट के अनुसार आईपीएल 2025 से पहले ही अगरकर के अनुबंध को बढ़ाने की बात हो गई थी, जिसे मंजूर कर लिया है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा, अगरकर के कार्यकाल में भारतीय टीम को का टेस्ट और टी20 में प्रदर्शन अच्छा रहा। इसी कारण बोर्ड ने उनका अनुबंध एक साल के लिए बढ़ा दिया है। अगरकर ने भी ये प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। अगरकर के कार्यकाल में ही विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टी20 और टेस्ट से संन्यास लिया जिससे भारतीय टीम इन प्रारुपों में दो नये कप्तान मिले। टेस्ट में शुभमन गिल जबकि टी20 में सूर्यकुमार यादव को यह जिम्मेदारी मिली और ये दोनो ही सफल रहे। वहीं रोहित-विराट अब एकदिवसीय में ही खेल रहे हैं और आने वाले समय में यहां भी बड़े बदलाव हो सकते हैं। देखना है कि इन दोनो को अगले विश्वकप तक के लिए जगह मिलती है या नहीं।

वर्तमान समय में चयन समिति में अगरकर के अलावा एसएस दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और एस शरत जैसे खिलाड़ी शामिल हैं पर माना जा रहा है कि सितंबर में होने वाली वार्षिक आम सभा की बैठक के बाद चयन समिति में कुछ बदलाव होंगे। शरत के अब चार साल पूरे होने को है। ऐसे में उनकी जगह पर किसी नये व्यक्ति को ये जिम्मेदारी मिल सकती है। बीसीसीआई आगे चलकर नए सिरे से आवेदन आमंत्रित करेगा। तभी तय होगा कि कौर से सदस्य बदले जाते हैं।

# एशिया कप में भाग लेने भारतीय टीम को नहीं रोकेंगे : खेल मंत्रालय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। खेल मंत्रालय ने गुरुवार को कहा है कि पाकिस्तान से द्विपक्षीय खेल नहीं होंगे, मगर एशिया कप में भारतीय टीम को भाग लेने से रोका नहीं जा सकता है। खेल मंत्रालय ने भारत के अंतरराष्ट्रीय खेल संबंधों के संबंध में नई नीति जारी की है। सूत्रों के अनुसार यह नीति तुरंत प्रभावी हो गई है। , खेल मंत्रालय की नीति में कहा गया है, पाक से जुड़े खेल आयोजनों में भारत का रवैया उसी व्यापक नीति को दिखाता है जो उस देश के साथ भारत के संबंधों में अपनाई गई है। जहां तक दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय खेल आयोजनों का सवाल है, तो भारतीय टीम पाकिस्तान में होने वाले मुकाबलों में हिस्सा नहीं लेगी। पाकिस्तान की टीम को भारत में द्विपक्षीय मैच खेलने की अनुमति नहीं पाएंगी।

हालांकि, बहुपक्षीय खेल आयोजनों पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। मंत्रालय ने कहा, हम भारतीय क्रिकेट टीम को एशिया कप में खेलने से नहीं रोकेंगे, क्योंकि यह एक बहुदेशीय प्रतियोगिता है। उन्होंने आगे कहा, पाक को द्विपक्षीय मुकाबलों के लिए भारतीय धरती पर खेलने की अनुमति नहीं दी जाएगी, लेकिन बहुपक्षीय आयोजनों में उनकी भागीदारी पर रोक नहीं होगी क्योंकि हम ओलंपिक चार्टर का पालन करेंगे।




इससे एशिया कप में भारतीय टीम के खेलने को लेकर रहा सहा संशय भी समाप्त हो गया है क्योंकि एशिया कप के लिए टीम की घोषणा के बाद से ही इसका विरोध भी तेज हो गया था। प्रशंसकों का मानना था कि क्रिकेट टीम को पाकिस्तान के खिलाफ 14 सितंबर को होने वाले मैच से पीछे हट जाना चाहिए। प्रशंसकों के अनुसार आतंक वाद जारी रहने तक पाक के साथ किसी भी तरह का कोई खेल या कोई भी संबंध नहीं रखना चाहिए। वहीं खेल मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि पाक के साथ द्विपक्षीय खेल मुकाबले नहीं होंगे, लेकिन भारतीय क्रिकेट टीम को एशिया कप में खेलने से नहीं रोका जाएगा।

## भारत के गिरीश ने एशियाई निशानेबाजी में स्वर्ण जीता

शिमकेन । भारतीय निशानेबाज गिरीश गुप्ता ने 16वीं एशियाई निशानेबाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक जीता है। गिरीश ने 10 मीटर एयर पिस्टल यूथ इवेंट में 241.3 अंक के साथ ही स्वर्ण पदक अपने नाम किया। 17 साल के गिरीश ने ये उपलब्धि अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में ही हासिल की है। गिरीश ने फाइनल में 241.3 अंक हासिल कर नंबर एक स्थान हासिल किया। इस प्रदर्शन के बल पर इस खिलाड़ी ने भारत के लिए एक पदक जीता है। गिरीश ने व्यक्तिगत स्वर्ण के साथ-साथ 10 मीटर एयर पिस्टल यूथ टीम इवेंट में रजत पदक और मिश्रित युगल टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक भी जीता। इस तरह उन्होंने कुल 2 स्वर्ण और 1 सिल्वर जीते हैं। इस प्रतियोगिता के पहले दिन ही भारतीय टीम ने कुल 2 स्वर्ण और 3 रजत पदक जीते। गिरीश की सफलता से भारत के अन्य निशानेबाजों को भी प्रेरणा मिली है। गिरीश राजस्थान से हैं। ऐसे में उनकी इस सफलता से प्रदेश में खुशी का महौल है।



## एशिया कप के लिए शामिल नहीं किये जाने के बाद श्रेयस ने निराशा जतायी

नई दिल्ली। बल्लेबाज श्रेयस अय्यर एशिया कप 2025 के लिए टीम में जगह नहीं मिलने से निराश हैं। श्रेयस ने पिछले कुछ समय में शानदार प्रदर्शन किया था जिससे उनके चयन की उम्मीदें जतायी जा रही थीं पर ऐसा हुआ नहीं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को टूर्नामेंट के लिए जो 15 सदस्यीय टीम घोषित की है। उसमें श्रेयस का नाम नहीं था। श्रेयस ने इस साल आईपीएल में भी शानदार बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स को उनके दूसरे सत्र के फाइनल में पहुंचाया और 175.07 की शानदार स्ट्राइक रेट से 600 से अधिक रन बनाए। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में भी उनका प्रदर्शन काफी अच्छा रहा था। इसके बाद भी उन्हें टीम में जगह नहीं मिलने पर कई पूर्व क्रिकेटटरों और प्रशंसकों ने भी नाराजगी जतायी है। टीम चयन के बाद उनका उनकी पहली प्रतिक्रिया आई है। पंजाब किंग्स ने भी इसे साझा किया है। पंजाब किंग्स ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपने कप्तान का ये वीडियो साझा किया। उसने इसे 'सरपंच साब' कैप्शन दिया हैं। श्रेयस को उनके करीबी प्यार से सरपंच साब नाम से बुलाते हैं। वहीं इससे पहले चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर ने कहा था कि श्रेयस की कोई गलती नहीं थी। अभी टीम में जगह नहीं है इसलिए उसे जगह नहीं मिली। उसे अपने अवसर की प्रतीक्षा करनी होगी। अगरकर ने कहा, 'श्रेयस के बारे में, मेरा कहना है कि उसकी गलती नहीं है, न ही हमारी। बस हमें इस समय 15 खिलाड़ियों का चयन करना है जो हमारे पास हैं। इसलिए उसे अपने मौके का इंतजार करना होगा।' गौरतलब है कि श्रेयस ने अंतिम बार दिसंबर 2023 में एक टी20आई मैच खेला था उसके बाद से ही वह जगह का इंतजार कर रहे हैं। वह मध्य क्रम के एक बेहतरीन बल्लेबाज हैं।. अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उन्होंने 30.66 की औसत और 136.12 की स्ट्राइक रेट से 1,104 रन बनाए हैं जिससे उनकी क्षमताओं का अंदाजा होता है।



## एशिया कप के लिए भारतीय महिला हॉकी टीम का ऐलान, सलीमा टेटे को मिली कप्तानी

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** अनुभवी मिडफील्डर सलीमा टेटे को चीन के हांगझोउ में पांच से 14 सितंबर तक होने वाले एशिया कप के लिए बृहस्पतिवार को 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान बरकरार रखा गया। यह टूर्नामेंट काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि इसका विजेता 2026 एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेगा। भारत को पूल बी में रखा गया है जहां उसका सामना जापान, थाईलैंड और सिंगापुर से होगा।

टीम अपने अभियान की शुरुआत 5 सितंबर को थाईलैंड के खिलाफ करेगी और फिर छह सितंबर को जापान से भिड़ेगी। भारत अपना अंतिम पूल मैच आठ सितंबर को सिंगापुर के खिलाफ खेलेगा। हॉकी इंडिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, 'हांगझोउ में होने वाले महिला एशिया कप के लिए हमने जो टीम चुनी है उसे लेकर हम उत्साहित हैं।'

सलीमा पिछले साल कप्तान नियुक्त होने के बाद से टीम का अभिन्न अंग रही हैं।




हरेंद्र ने कहा, 'यह टीम कड़ी मेहनत से प्रशिक्षण ले रही है और हमने अनुभवी खिलाड़ियों तथा युवा प्रतिभाओं के बीच सही संतुलन बनाने की कोशिश की है।' उन्होंने कहा, 'हमारा ध्यान आक्रामक और अनुशासित हॉकी खेलने पर होगा और हमारा मानना है कि यह टीम एशिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ मजबूती से मुकाबला करने की क्षमता रखती है।'

टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का संतुलित मिश्रण है जिसमें गोलकीपिंग की जिम्मेदारी बंसारी सोलंकी और बिचु देवी खारीबाम पर होगी। रक्षा पंक्ति में निक्की प्रधान और उदिता जैसी अनुभवी खिलाड़ी होंगी जिनका साथ युवा मनीषा चौहान, ज्योति, सुमन देवी थोडम और इशिका चौधरी देंगी। मिडफील्ड में नेहा, सलीमा, लालरेमसियामी, शर्मिला देवी, सुनेलिटा टोप्पो और वैष्णवी विट्ठल फाल्के जैसी मजबूत खिलाड़ी हैं।

अग्रिम पंक्ति में अनुभवी और उभरते सितारों का मिश्रण है जिसमें नवनीत कौर, संगीता कुमारी, मुमताज खान, दीपिका, ब्यूटी डुंगडुंग और रुतजा दादासो पिसल शामिल हैं। हालांकि अनुभवी खिलाड़ी सविता और सुशीला चानू टीम का हिस्सा नहीं हैं। ये दोनों एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में खेली थी।

**महिला एशिया कप के लिए भारतीय टीम**

गोलकीपरः बंसारी सोलंकी, बिचु देवी खारीबाम

डिफेंडर : मनीषा चौहान, उदिता, ज्योति, सुमन देवी थोडम, निक्की प्रधान, इशिका चौधरी

मिडफील्डर : नेहा, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सलीमा टेटे, शर्मिला देवी, लालरेमसियामी, सुनेलिटा टोप्पो

फारवर्ड : नवनीत कौर, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, दीपिका और संगीता कुमारी।

## फ्रांसीसी फॉरवर्ड ह्यूगो एकिटिके अब लिवरपूल की ओर से खेलते हुए नजर आयेंगे



लंदन । फ्रांसीसी फॉरवर्ड ह्यूगो एकिटिके अब फुटबॉल क्लब लिवरपूल की ओर से खेलते हुए नजर आयेंगे। प्रीमियर लीग विजेता लीवरपूल ने ने आइंट्राख्ट फ्रैंकफर्ट के स्ट्राइकर एकिटिके से करार किया है। यह सौदा करीब 79 मिलियन पाउंड में हुआ। लिवरपूल ने इस फैसले की घोषणा सोशल मीडिया पर की और कहा कि उसने फ्रैंकफर्ट के फॉरवर्ड एकिटिके के ट्रांसफर के लिए एक करार किया है। क्लब ने कहा कि एकिटिके मेडिकल टेस्ट में पास हो गये हैं और लिवरपूल के साथ व्यक्तिगत शर्तों पर भी वह तैयार हैं। अब वह इस सप्ताह के अंत में एशिया के प्री-सीजन दौरे पर हांगकांग जा सकेंगे। लिवरपूल के नए मैनेजर आर्ने स्लॉट के अनुसार ये चौथा बड़ा ट्रांसफर है। इससे पहले क्लब ने फ्लोरियन विर्ट्ज को करीब 110 मिलियन पाउंड में खरीदा था। उनके अलावा डिफेंडर मिलोस केरकेज और जरेमी फ्रिमपोंग से भी करार किया। फ्रांसीसी फॉरवर्ड ह्यूगो एकिटिके, किसी भी पोजीशन पर खेल सकते हैं। उन्होंने पिछले सीजन में 48 मैचों में 22 गोल किए और एक दर्जन से अधिक गोलों में सहायोग दिया। लिवरपूल ने इस ट्रांसफर विंडो में अब तक 250 मिलियन पाउंड से ज्यादा खर्च कर दिए हैं।

## अक्षर को बिना किसी गलती के उपकप्तानी से हटाना निराशाजनक : कैफ

मुम्बई । पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने कहा है कि स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल को बिना किसी गलती के टी20 टीम की उपकप्तानी से हटाना सही नहीं है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एशिया कप के लिए जो टीम चयनित की है उसमें अक्षर को हटाकर शुभमन गिल को उपकप्तानी दे दी गयी है।कैफ ने टी20 टीम में कुछ महीने पहले तक उपकप्तान रहे अक्षर को पद से हटाने पर नाराजगी जाहिर करते हुए पूछा है कि उसकी गलती क्या थी? अक्षर को इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में भारतीय टीम का उपकप्तान बनाया गया था। कैफ ने कहा है कि उम्मीद है कि अक्षर को उपकप्तान के पद से हटाने के बारे में पहले बता दिया गया होगा। अक्षर ने कुछ भी गलत नहीं किया था और इसलिए वह जानने का अधिकारी था कि उससे क्यों जिम्मेदारी वापस ली गयी है। अक्षर ने अपने दमदार प्रदर्शन से टीम में अपनी जगह पक्की की है। उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप में बेहतरीन प्रदर्शन किया था। वह इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे थे। तब उन्होंने चार ओवर में 23 रन देकर तीन विकेट लिए। उन्होंने फाइनल में बल्ले से भी कमाल दिखाते हुए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 31 गेंद में 47 रन बनाये थे।

## इंग्लैंड ने महिला विश्व कप के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की, हीथर नाइट की वापसी

आगामी महिला वनडे वर्ल्ड 2025 के लिए इंग्लैंड ने अपनी 15 सदस्यीय महिला टीम का ऐलान कर दिया है। जहां पूर्व कप्तान हीथर नाइट को स्क्वॉड में जगह मिली है। वहीं टीम में साराह ग्लेन और डेनी व्याट-हॉज की भी वापसी हुई है। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ECB) द्वारा जारी प्रेस रिलीज के अनुसार नाइट को टीम में शामिल किया गया है लेकिन उनकी चोट से उबरने की प्रक्रिया जारी है और उन्हें 30 सितंबर से दो नवंबर तक होने वाले टूर्नामेंट के लिए पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। साथ ही टीम में शामिल चार अनुभवी स्पिनरों में से ग्लेन एक हैं। वह उन छह खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें पहली बार विश्व कप टीम में जगह मिली है। इसके अलावा यह कप्तान के रूप में नैट स्किवर-ब्रंट का पहला आईसीसी टूर्नामेंट है। बता दें कि, दुनिया की नंबर एक वनडे बल्लेबाज स्किवर-ब्रंट को अप्रैल में सभी प्रारूप का कप्तान नियुक्त किया गया था। व्याट-हॉज की भी टीम में वापसी हुई है। वह इंग्लैंड की ओर से पिछली बार 50 ओवर के प्रारूप में ऑस्ट्रेलिया में एशेज सीरीज में हार के दौरान खेली थी। केट क्रॉस, माइया बूचियर और एलिस डेविडसन-रिचर्ड्स को टीम में जगह नहीं मिली है। यह टूर्नामेंट नई कप्तान स्किवर-ब्रंट और मुख्य कोच चार्लोट एडवर्ड्स में मार्गदर्शन में देश का पहला विश्व कप होगा। ऑस्ट्रेलिया ने 2022 के फाइनल में इंग्लैंड को हराकर खिताब जीता था। एडवर्ड्स ने कहा कि, विश्व कप में अपने देश के लिए खेलना खेल जगत के सबसे बड़े सम्मान में से एक है और मैं टीम में शामिल सभी खिलाड़ियों के लिए बहुत खुश हूं। इंग्लैंड की कोच ने आगे कहा कि, सभी वैश्विक टूर्नामेंटों की तरह यह एक बड़ी चुनौती होगी लेकिन हम भारत में जितना हो सके उतना आगे बढ़ना चाहते हैं और मेरा मानना है कि अगर हम अपना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलेंगे तो हम किसी से भी मुकाबला कर सकते हैं।

इंग्लैंड टीम इस प्रकार है- नैट स्किवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लोट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एकलेस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी जोन्स, हीथर नाइट, ऐमा लैम्ब, लिन्सी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज।

# विश्व चैंपियनशिप से पहले होगा सभी महिला मुक्केबाजों का होगा लिंग परीक्षण

**लॉस एंजिलिस (एजेंसी)।** ओलंपिक शैली की मुक्केबाजी की नियामक संस्था 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' अगले महीने होने वाली विश्व चैंपियनशिप में महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली सभी मुक्केबाजों के लिए लिंग परीक्षण अनिवार्य करेगी। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' (विश्व मुक्केबाजी) ने पहले ही अपनी योजना की घोषणा कर दी है जिसके तहत प्रतियोगियों को जन्म के समय के लिंग का निर्धारण करने के लिए पॉलीमरेज चेन रिएक्शन टेस्ट या उसी तरह के आनुवंशिक स्क्रीनिंग टेस्ट से गुजरना होगा।

'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने बुधवार को घोषणा की कि ये नियम सितंबर की शुरुआत में इंग्लैंड के लिवरपूल में होने वाली विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप से पहले लागू किए जाएंगे। इन परीक्षण से जैविक लिंग के सूचक के रूप में वाई गुणसूत्र की उपस्थिति या अनुपस्थिति की पहचान की जाती है। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' के अध्यक्ष बोरिस वान डेर वोर्स्ट ने कहा, 'विश्व मुक्केबाजी सभी खिलाड़ियों की गरिमा का सम्मान करती है और यह सुनिश्चित करने की कोशिश करती है कि यह यथासंभव समावेशी हो।'

उन्होंने कहा, 'फिर भी मुक्केबाजी जैसे खेल में सुरक्षा और प्रतिस्पर्धात्मक निष्पक्षता सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है और इसलिए यह नियम बनाया गया है।' पेरिस ओलंपिक चैंपियन अल्जीरिया की इमान खलीफ ने जून में नीदरलैंड में एक टूर्नामेंट में भाग लेने से इनकार कर दिया था। यह फैसला उस समय लिया गया जब शासी निकाय ने लिंग परीक्षण शुरू करने की अपनी योजना की घोषणा की थी।

बाद में वान डेर वोर्स्ट ने विश्व मुक्केबाजी की भविष्य की परीक्षण योजनाओं का जिक्र करते हुए खलीफ का नाम लेने के लिए माफी मांगी। खलीफ ने पहले टूर्नामेंट में भाग लेने की योजना बनाई थी। खलीफ और ताइवान की स्वर्ण पदक विजेता लिन यू-टिंग ने पेरिस ओलंपिक में उनके लिंग को लेकर गलत धारणा के बावजूद शानदार प्रदर्शन किया था। 26 वर्षीय खलीफ ने बार-बार कहा है कि वह एक महिला के रूप में पैदा हुई हैं और उन्होंने लगभग एक दशक तक महिला एमेच्योर मुक्केबाजी के सभी स्तरों पर प्रतिस्पर्धा की है।

ओलंपिक खेलों में पहले गुणसूत्र परीक्षण आम था, लेकिन 1990 के दशक में इससे किनारा कर दिया गया था क्योंकि ठोस परिणाम पर नहीं पहुंचा जा रहा था। कई खेलों ने लिंग योग्यता निर्धारित करने के लिए हार्मोन परीक्षण का सहारा लिया, लेकिन इन परीक्षणों के लिए नियामक निकायों को उन खिलाड़ियों को लेकर कड़ा फैसला करना पड़ता है जिनमें



टेस्टोस्टेरोन का स्तर अधिक पाया जाता है। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' ने इसके साथ ही कहा कि परीक्षण कराने और परिणाम प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी राष्ट्रीय महासंघों की है। इस साल की शुरुआत में विश्व एथलेटिक्स गुणसूत्र परीक्षण को फिर से शुरू करने वाला पहला ओलंपिक खेल बना था।



# यंग एक्ट्रेस के साथ काम करने पर बोले माधवन

एक्टर आर. माधवन ने हाल ही में अपनी उम्र, करियर के फैसलों और रिश्तों में बराबरी को लेकर खुलकर बात की। माधवन हाल ही में फिल्म आप जैसा कोई में नजर आए थे। इस फिल्म में उन्होंने 40 साल के एक ऐसे शख्स का रोल निभाया जो दुल्हन की तलाश में है। बातचीत में उन्होंने कहा, सबसे पहले आपको उम्र का एहसास तब होता है जब आपके बच्चों के दोस्त आपको अंकल बुलाने लगते हैं। ये सुनकर झटका लगता है, लेकिन फिर आपको मानना पड़ता है। माधवन ने बताया कि इस एहसास का असर उनके काम पर भी पड़ा। उन्होंने कहा, जब आप फिल्में करते हैं तो हीरोइन चुनने में सावधानी रखनी पड़ती है। क्योंकि भले ही वे अभी भी आपके साथ काम करना चाहती है, लेकिन ऐसा लगता है कि एक्टर फिल्म के बहाने मस्ती कर रहा है। लोगों को लगता है कि ये पिक्चर के बहाने ऐश कर रहा है। अगर फिल्म से ऐसा मैसेज जाता है, तो किरदार के लिए रिस्पेक्ट नहीं रहती। उन्होंने कहा आगे ये भी कहा, मुझे ये भी समझ आ गया है कि अब मेरा शरीर 22 साल के लड़के जैसा नहीं है। इसलिए मेरे लिए जरूरी है कि मैं वही काम करूं जो मेरी उम्र और जिन लोगों के साथ मैं काम कर रहा हूं, उनके हिसाब से सही लगे, ताकि चीजें अजीब या गलत न लगें।

माधवन ने अपनी शादी और रिश्ते की बराबरी पर भी विचार शेयर किए। उन्होंने कहा कि मेरे माता-पिता भी एक-दूसरे से गहराई से प्यार करते थे। वही चीज मैं और मेरी पत्नी सरिता में भी है, लेकिन मेरे पिता के समय जो बराबरी का मतलब था, वह आज अलग है। अब हमें खुद तय करना पड़ता है कि बराबरी का असली मतलब क्या है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा कि कभी-कभी दरवाजा खोलना या किसी महिला के लिए दरवाजा पकड़ना कुछ लोगों को बुरा लग सकता है, लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि आदमी कुछ गलत करना चाहता है, वो तो बस अपने तौर-तरीके निभा रहा होता है। हमारी पितृसत्तात्मक सोच वाली समाज में, अगर कोई पति अपनी पत्नी को काम करने देता है तो उसे बड़ा दिल वाला माना जाता है, लेकिन सही तरीका ये है कि कहें- 'मुझे गर्व है कि मेरी पत्नी काम कर रही है।



# एक चतुर नार के लिए झुग्गी झोपड़ी में रहीं दिव्या खोसला

अक्सर फिल्मी जगत में कई हस्तियां अपने किरदारों के लिए काफी मेहनत और तैयारी करते हैं। कोई अपनी बॉडी पर काम करता है तो कोई अपनी भाषा पर। अभिनेत्री दिव्या खोसला ने भी अपनी आने वाली फिल्म 'एक चतुर नार' के लिए कुछ ऐसा ही किया है, लेकिन उनकी रोल के लिए तैयारी ने थोड़ा चौंका दिया है। दरअसल दिव्या ने खुलासा किया है कि उन्होंने फिल्म के किरदार को समझने के लिए लखनऊ की एक झुग्गी में रहकर वहां की जिंदगी को महसूस किया।

## किरदार में ढलने के लिए असली जिंदगी का अनुभव

'एक चतुर नार' में दिव्या एक झुग्गी में रहने वाली महिला की भूमिका निभा रही हैं। इस किरदार को असली बनाने के लिए उन्होंने केवल स्क्रिप्ट पर भरोसा नहीं किया, बल्कि खुद उस जिंदगी को जिया। लखनऊ की एक झुग्गी में बिना मेकअप, साधारण सलवार-कमीज और गले में काले धागे के साथ कुछ दिन बिताए, ताकि वह किरदार की भावनाओं और परिस्थितियों को गहराई से समझ सकें। अपने सोशल मीडिया पर उन्होंने इस अनुभव को साझा करते हुए लिखा, यह एक अनोखा और जीवन बदल देने वाला अनुभव रहा। इसने मुझे उस जीवन की झलक दिखाई, जो अक्सर हमारी आंखों से दूर होता है।




## 12 सितंबर को होगी रिलीज

'एक चतुर नार' को उमेश शुक्ला, आशीष वाघ और जीशान अहमद ने प्रोड्यूस किया है। यह फिल्म 12 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हालांकि कहानी के बारे में ज्यादा जानकारी अभी साझा नहीं की गई है, लेकिन फिल्म का टोन हल्का-फुल्का, चुटीला और शायद कुछ हद तक व्यंग्यात्मक भी नजर आ रहा है।

## फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर आया सामने

फिल्म के पहले पोस्टर में दिव्या एक गृहिणी के किरदार में नजर आ रही हैं। उनके हाथों में सब्जियां हैं और चेहरे पर एक मुस्कान। वहीं, नील नितिन मुकेश, जो इस फिल्म में उनके साथ मुख्य भूमिका में हैं, फॉर्मल सूट में बंदूक थामे खड़े हैं। पोस्टर से ही साफ है कि यह फिल्म किसी गंभीर विषय को पर्दे पर लेकर आने वाली है।



# आलिया भट्ट-शरवरी की फिल्म में नजर आएंगे बॉबी देओल

बॉलीवुड की मच अवेटेड फिल्म वॉर 2 सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है और इसके साथ ही यशराज फिल्म्स की एक और स्पाई यूनिवर्स की फिल्म को लेकर भी नई जानकारी सामने आ रही है। वॉर 2 के पोस्ट-क्रेडिट सीन में अभिनेता बॉबी देओल भी नजर आ रहे हैं। हालांकि ये कोई मामूली झलक नहीं बल्कि आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की अपकमिंग फिल्म अल्फा को लेकर बड़ा अपडेट रहा। क्या है पूरा मामला, चलिए आपको बताते हैं। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर 2 के पोस्ट-क्रेडिट सीन का एक सीन वायरल हो रहा है, जिसमें बॉबी देओल की शक्ल साफ तौर पर देखी जा रही है। इस सीन में बॉबी देओल एक लड़की के हाथ पर एंजेसी का स्टैंप लगाते हुए नजर आ रहे हैं। जब लड़की उनसे पूछती हैं कि ये क्या है तो वो अल्फा का नाम लेते हैं।



# नोरा फतेही का 'डांस विद नोरा' अकादमी खोलने का सपना हुआ साझा

ग्लोबल स्टार और परफॉर्मर नोरा फतेही ने इस हफ्ते अपने फैंस को एक यादगार तोहफ़ा दिया। 'ओह मामा! टेटेमा' सिंगर नोरा अचानक मुंबई के कई डांस स्टूडियोज़ में पहुँचीं और वहाँ मौजूद डांसर्स को उनके लेटेस्ट कोरियोग्राफी पर डांस करते देखकर भावुक हो गईं। उनकी इस अप्रत्याशित मौजूदगी ने साधारण वर्कशॉप को एक जादुई अनुभव में बदल दिया। फैंस के प्यार और उनकी कहानियाँ सुनकर नोरा ने पहली बार यह खुलासा किया कि वह अपनी खुद की 'डांस विद नोरा' अकादमी शुरू करना चाहती हैं। सोशल मीडिया पर इस अनुभव को साझा करते हुए उन्होंने लिखा— यह मुझे जल्द से जल्द अपनी डांस विद नोरा अकादमी शुरू करने के लिए प्रेरित कर रहा है। आप सभी का इतना प्यार देने के लिए शुक्रिया! आप सब से मिलकर मैं खुद को सबसे भाग्यशाली महसूस कर रही हूँ।

नोरा के सरप्राइज़ विजिट के दौरान स्टूडियो का माहौल भावनाओं से भर गया। कुछ फैंस की आँखों में आँसू थे तो कुछ की मुस्कान में खुशी छलक रही थी। लोगों को विश्वास ही नहीं हो रहा था कि उनकी फेवरेट स्टार उनके साथ स्टूडियो में डांस कर रही हैं। विशेष बात यह रही कि नोरा ने सिर्फ हाथ हिलाकर या सेल्फी देकर ही अपने फैंस को खुश नहीं किया, बल्कि खुद डांस वर्कशॉप्स में हिस्सा लिया। बच्चों और युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर डांस किया और उनके व्यक्तिगत अनुभव भी सुने। यही जुड़ाव उन्हें औरों से अलग करता है। नोरा का 'डांस विद नोरा' कैंपेन पहले ही बच्चों और युवाओं को अपनी कला दिखाने का मंच दे चुका है। वह न सिर्फ उनकी वीडियोज़ को रीपोस्ट करके उन्हें प्रोत्साहित करती हैं, बल्कि मौके पर पहुँचकर उनकी मेहनत को सराहती भी हैं। जहाँ एक ओर उनकी गाने 'ओह मामा! टेटेमा' की धूम दुनिया भर में मची हुई है और आने वाली फ़िल्म 'कंचना 4' से उनका करियर और बुलंदियों पर पहुँचने वाला है, वहीं मुंबई के वे स्टूडियो और वहाँ मौजूद फैंस के लिए असली जादू उनकी सादगी और अपनापन रहा।



# चमत्कारों में विश्वास करती हूं

टीवी एक्ट्रेस श्रद्धा आर्या जन्मदिन इस बार उनके लिए बेहद खास रहा, क्योंकि उन्होंने पहली बार अपने जुड़वां बच्चों, बेटे शौर्य और बेटी सिया, के साथ जश्न मनाया। श्रद्धा ने अपने परिवार के साथ इस खूबसूरत पल की तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर साझा कीं। श्रद्धा आर्या ने इंस्टाग्राम पर अपने पति और दोनों जुड़वां बच्चों के साथ बेहद ही प्यारी तस्वीरें शेयर कीं। श्रद्धा ने काली ऑफ-शोल्डर ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं, जबकि उनके पति राहुल नागल ने काली शर्ट और नीली जींस पहनी हुई है। दोनों अपने बच्चों के साथ कैमरे के सामने मुस्कुराते नजर आए। श्रद्धा ने लिखा, एक और साल बड़ी हो गई, लेकिन इस बार मेरा सबसे प्यारा नाम है – मां। मेरे जुड़वां बच्चे मेरे लिए सबसे बड़ा जश्न हैं।

## श्रद्धा को सेलेब्स ने दी जन्मदिन की बधाई

श्रद्धा आर्या को कई सेलेब्स ने जन्मदिन की बधाई देते हुए कमेंट किए हैं। मीका सिंह ने लिखा, बधाई हो, मौनी रॉय ने दिल वाले इमोजी शेयर बनाए, पूजा बनर्जी ने लिखा, खूबसूरत बच्चे और खूबसूरत मां और माही विज ने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो मां। वहीं कई फैंस ने श्रद्धा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं और कुछ फैंस ने उनकी इस पोस्ट पर लाल दिल वाले इमोजी बनाए हैं।

## श्रद्धा आर्या का निजी जीवन

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, श्रद्धा की निजी जिंदगी की बात करें तो 2015 में उनकी सगाई जयंत रत्ती से हुई थी, लेकिन यह टूट गई। 2019 में उन्होंने आलम सिंह मक्कड़ के साथ रिश्ता शुरू किया, लेकिन वह भी ज्यादा समय नहीं चला। आखिरकार, 16 नवंबर 2021 को श्रद्धा ने भारतीय नौसेना अधिकारी राहुल नागल से शादी की। सितंबर 2024 में उन्होंने बताया कि वे अपने पहले बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं और 29 नवंबर 2024 को उनके जुड़वां बच्चों का जन्म हुआ।



# हर आदमी-औरत को एक-दूसरे की जरूरत है

टीवी शो कहीं तो होगा से ऐक्ट्रेस सुरवीन चावला ने करियर शुरू किया था। इसके बाद हेट स्टोरी-2, अग्ली जैसी फिल्मों से उन्होंने बड़े पर्दे पर अपनी काबिलियत साबित की। वहीं, सेक्रेड गेम्स, क्रिमनल जस्टिस जैसी वेब सीरीज से उन्होंने ओटीटी पर अपना जलवा बिखेरा। इन दिनों वह अपनी एक और वेब सीरीज मंडला मर्डर्स को लेकर चर्चा में हैं। खास बातचीत में उन्होंने कई पहलुओं पर चर्चा की। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ के बीच परस्पर तालमेल बिठाकर चलने वाली अदाकारा ने इस मुलाकात में हमसे एक अच्छी मां की परिभाषा भी साझा की है।

## मैंने इनकार करना भी सीखा है

कहते हैं ना कि इंसान कितनी भी कोशिश करे पर वही होता है, जो मंजूर-ए-खुदा होता है। हमारे प्लान से कोई फर्क नहीं पड़ता। आप लक्ष्य अपने दिमाग में रख सकते हैं लेकिन वहां पहुंचने के कई रास्ते हो सकते हैं। ये जरूरी नहीं कि सिर्फ एक ही तरह से मंजिल पर पहुंचा जाए। आप जो चीजें चुनते हो वो यह तय करती हैं कि आगे का रास्ता कैसा हो सकता है। मेरे कंट्रोल में जो चीजें हैं, उन पर ध्यान देती हूं। किसी भी काम के लिए हां, बोलना बेशक आसान होता है लेकिन मैंने इनकार करना भी सीख लिया है। मेरे हिसाब से ना बोलना बहुत ज्यादा मुश्किल होता है। वो ना आपने जो भी अब तक काम किया हुआ है, उसकी क्लास को दर्शाता है।




सुरवीन लगातार काम कर रही हैं। ऐसे में वह अपनी पर्सनल और प्रोफ़ेशनल लाइफ के बीच किस तरह तालमेल बैठा पा रही हैं? इस पर अदाकारा कहती हैं कि लगातार काम करके मुझे बहुत मजा आ रहा है। मैं खुद को भाग्यशाली मानती हूं कि अपने परिवार की वजह से बाहर आकर काम कर पाती हूं। कहते हैं ना कि हर आदमी-औरत को एक-दूसरे की जरूरत होती है। हमारे साथ भी वही है। हम दोनों एक-दूसरे के सपोर्ट से आराम से काम कर पा रहे हैं।

## आप जो करेंगे, बच्चा भी वही करेगा

हर मां अपने आप में अच्छी है लेकिन मैं मदरहुड से ज्यादा पैरंटहुड की बात करूंगी क्योंकि मुझे लगता है कि अपने बच्चे को हम सीख समझा-बुझा कर नहीं दे सकते। इसके लिए आपको उदाहरण सेट करना पड़ता है। आप जैसा लोगों के साथ बर्ताव करेंगे, बच्चा भी वही करेगा। आपकी आदतों को भी वो वैसे ही फॉलो करेगा। अगर मैं खुद को ही हमेशा पीछे रखूंगी तो वो भी तो मेरा बच्चा देखेगा ना। इसका भी असर उस पर पड़ेगा।

## पत्नी और मां से पहले एक इंसान हूं

अगर अपनी जरूरतों को पूरा नहीं करूंगी तो नाखुश रहूंगी। मैं यही मानती हूं कि जो इंसान खुद खुश है, वो ही दूसरों को भी खुशी दे सकता है। एक पत्नी, एक मां से पहले मैं भी एक इंसान हूं तो यह जरूरी नहीं कि मैं इन सब बातों को ध्यान में रखकर ही हमेशा कुछ सोचूं। बतौर सुरवीन भी तो मैं बहुत कुछ सोच सकती हूं ना।

## हर बार अलग करने की कोशिश रहती

पर्दे पर इस रूप, रंग और अंदाज में मुझे पहले कभी नहीं देखा गया है। मेरी कोशिश यही रहती है कि हर बार कुछ अलग लेकर आऊं। गोपी पुथरण सर (लेखक निर्देशक) की फिल्म मर्दानी बहुत पसंद थी। वह अपने प्रोजेक्ट में औरतों को सशक्त रूप में पेश करते हैं। उनकी कहानियों में महिलाओं को पावरफुल रोल्स ही मिलते हैं। यह पहला मौका है, जब मैं किसी पॉलिटिशियन का किरदार निभा रही हूं। अनन्या भारद्वाज बहुत ही महत्वाकांक्षी महिला है, जो कि बहुत कुछ करना चाहती है। उस किरदार को मैं ब्लैक एंड वाइट तो नहीं बोल सकती लेकिन वह पूरी तरह से ग्रे भी नहीं है। उसमें विविध रंग देखने को मिलेंगे।

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।
संपादक- अनुज कुमार, R.N.I.No.- UPHIN/25/RAA18, मो0.945688 4327, E-mail- officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।